# देशबन्धु

वर्ष –9 । अंक–273 । सागर, गुरुवार 21 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से पूछा आर्मी के जवान बनोगे कि कलेक्टर या डॉक्टर पृष्ठ 2

▸ फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता ▸ धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन? पृष्ठ 4

▸ दलित दूल्हे की राछ निकलवाने पुलिस ने दिया पहरा पृष्ठ 6

दिनभर बिजली सप्लाई न होने से बढ़ी मुश्किलें पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### मुर्मु आज से 2 दिवसीय तेलंगाना के दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से दो दिवसीय तेलंगाना का दौरा करेंगी और यहां कई कार्यकर्मों में शामिल होंगी। श्रीमती मुर्मु 21 नवम्बर को हैदराबाद में कोटि दीपोत्सवम–2024 में शामिल होंगी और 22 नवंबर को हैदराबाद में लोकमंथन–2024 में उद्घाटन भाषण देंगी। लोक मंथन देश की सांस्कृतिक विविधता का एक वार्षिक उत्सव है और इस बार यह हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में 21–24 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। इसका औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को करेंगी।

### सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी नेपाल यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बुधवार को नेपाल की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय के बयान में कहा कि वह 20 से 24 नवंबर तक अपनी नेपाल की यात्रा के दौरान, जनरल द्विवेदी नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद वह रक्षा मंत्रालय के शशि भवन में नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे।

### राफेल नडाल ने टेनिस को कहा अलविदा

**मैलागा (स्पेन), एजेंसी।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को अपने अखिरी मैच में डेविस कप फाइनल्स में नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ उन्होंने पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल को नीदरलैंड के बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने 6–4, 6–4 से हराया। मैच के बाद नडाल ने कहा, मैं वह व्यक्ति हूं जिसे इतने सारे लोगों का आभारी होना चाहिए। उन्होंने प्रशंसकों को उनके असाधारण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए पीडीपी जिम्मेदार : नासिर

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नासिर वानी ने बुधवार को कहा कि यहां मौजूदा गड़बड़ी के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जिम्मेदार है, जिसके कारण जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त किया गया। वानी ने यह बात पुराने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों के एक सवाल का जवाब देते हुए कही। यह सवाल पीडीपी के इस दावे के जवाब में था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में कोई प्रस्ताव लाने में विफल रही है।

### तमिलनाडु में बारिश के चलते 5 जिलों में स्कूल बंद

**तूतीकोरिन/तमिलनाडु, एजेंसी।** दक्षिण तमिलनाडु और निकटवर्ती कोमोरिन क्षेत्र पर बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण मंगलवार रात से यहां दक्षिणी और डेल्टा जिलों में भारी बारिश हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि थूथुकुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली, तिरुवरुर और कराईकल जिलों (पुडुचेरी) में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जबकि रामनाथपुरम जिले में स्कूलों और कॉलेजों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई है। विरुधुनगर जिला कलेक्टर ने स्थानीय स्थिति के आधार पर स्कूलों को बंद करने का फैसला करने के लिए प्रधानाध्यापकों को अधिकृत किया है। थूथुकुडी के तिरुचेंदुर में कम से कम 30 रिहायशी इलाके बारिश के पानी में डूब गए हैं और प्रभावित इलाकों से पानी निकालने के प्रयास जारी हैं। रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल बारिश के पानी से घिरा हुआ है।

### बारामूला में मादक पदार्थ सहित 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार का उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने बुधवार को कहा कि उरी पुलिस स्टेशन की पुलिस ने जिंगल ब्रिज पर स्थापित एक चौकी पर एक व्यक्ति को रोका, जिसकी पहचान गिंगल निवासी सैयद हसन शाह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.5 किलोग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना भेज दिया।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान

# झारखंड 67, महाराष्ट्र में 58 फीसदी से अधिक वोट पड़े

- मुंबई सिटी में सबसे कम मतदान
- 23 को आएंगे नतीजे



'रेड माइक' के पत्रकार सौरभ शुक्ला ने मीरपुर का एक वीडियो शेयर किया है, जहां एक पुलिस वाला अल्पसंख्यक वोटरों पर अपनी रिवॉल्वर लहरा रहा है, आरोप है कि बड़ी संख्या में इन्हें मतदान से रोका गया।

**रांची/मुंबई, (एजेंसियां)।** झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमश: 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4:00 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ। दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है।

जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जय राम महतो शामिल हैं।

### उत्तर प्रदेश : पहचान पत्र मांगने के आरोप में 5 पुलिसकर्मी निलंबित

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में पुलिसकर्मियों द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र जांचने के आरोप के मद्देनजर पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया था कि कुछ मतदान केंद्रों पर पुलिस वाले मतदाताओं के पहचान पत्र चेक कर रहे हैं जो सही नहीं है। इस बारे में प्रथम दृष्टया जांच के उपरांत कानपुर और मुजफ्फरनगर में दो दो और मुरादाबाद में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदानकर्मी सभी मतदाताओं की आईडी चेक करेंगे। इस बारे में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है।

# पाक में आतंकी हमला, 12 जवानों की मौत

- 6 आतंकवादी भी मारे गए
- चौकी को बनाया था निशाना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में एक बड़े हमले में 12 जवानों की मौत हो गई जबकि छह आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बन्नू के माली खेल इलाके में एक चौकी को निशाना बनाकर यह हमला किया गया।

बलूचिस्तान और केपी में सुरक्षा बलों, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखी गई। अशांत बन्नू जिले में हाल ही में उग्रवादी हिंसा में इजाफा हुआ है, जिसमें पुलिसकर्मियों का अपहरण, लड़कियों के स्कूल पर हमला और शूटआउट शामिल है जिसमें तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार सेना ने कसम खाई है कि इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। बयान में कहा गया, पाकिस्तान के सुरक्षा बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर जवानों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

राज्य में फैले तनाव को लेकर सरकार ने किया फैसला

# मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में फैले तनाव के बीच राज्य सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने कानून–व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाने का फैसला किया है। निर्देश के मुताबिक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थूओबाल, चूराचांदपुर और कांगपोकपी में अगले तीन दिन तक मोबइल इंटरनेट बंद रहेगा।

मणिपुर सरकार ने राज्य में अशांति के चलते बंद की गई ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को तीन दिन बाद बहाल कर दिया था। गृह आयुक्त एन अशोक कुमार ने कहा था कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश में कहा गया कि इंटरनेट प्रतिबंध ने महत्वपूर्ण कार्यालयों, संस्थानों और घर से काम करने वाले लोगों के कामकाज को प्रभावित किया है। लोगों की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में सशर्त निलंबन हटाने का विचार किया है। वहीं मोबाइल इंटरनेट डाटा पर प्रतिबंध जारी रखने का फैसला किया है। मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी–जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया।

### कर्फ्यू में 5 घंटे की ढील

इंफाल। मणिपुर के कुछ जिलों में बुधवार सुबह पांच बजे से 10 बजे तक पांच घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। कुकी उग्रवादियों द्वारा दो पुरुषों और छह महिलाओं और बच्चों की हत्या के बाद हुए विरोध–प्रदर्शनों के कारण इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग और जिरीबाम जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है।

मोहन मंत्रि परिषद ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

# श्रीकृष्ण से जुड़े स्थल तीर्थ के रूप में विकसित होंगे, पाथेय न्यास के गठन को मंजूरी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने की दिशा में सरकार एक कदम आगे बढ़ी है। सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार शाम मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। न्यास में कुल 28 सदस्य होंगे। इसमे 23 पदेन न्यासी सदस्य और 5 ख्याति प्राप्त विद्वत सदस्य अशासकीय न्यासी सदस्य के रूप में नामांकित होंगे। मुख्यमंत्री न्यास के अध्यक्ष होंगे। अशासकीय न्यासी सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष होगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का मुख्यालय भोपाल होगा। न्यास के लिए 6 पद सृजित किए जाएंगे।

मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित क्षेत्रों का साहित्यिक व सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। न्यास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं संरचनाओं का प्रबंधन, सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना के लिए परामर्श, सुझाव, श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक और पर्यटन की दृष्टि से विकास, पुस्तकालय, संग्रहालय की स्थापना आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा। न्यास के संचालन एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शोध–सर्वेक्षण एवं विकास कार्य के लिए आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा। न्यास के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास विलेख तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी का किया अवलोकन, बोले-

# भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम है गिफ्ट सिटी



**भोपाल, देशबन्धु।** गुजरात इंटरनेशनल फाईनेंस टेक–सिटी (गिफ्ट सिटी) निवेशकों को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। इसके माध्यम से भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मानकों से तालमेल रखते हुए मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में प्रभावी रूप से गतिविधियों का संचालन करेगा। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, यह भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. यादव आज गुजरात के गांधी नगर में साबरमती नदी के किनारे स्थित भारत की पहली ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, भारत का फाइनेंशियल गेट–वे और अंतर्राष्टीय वित्तीय सेवा केंद्र 'गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक–सिटी' (गिफ्ट सिटी) का अवलोकन कर अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने गिफ्ट सिटी में स्वच्छता के लिए की गई व्यवस्था के संबंध में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए ऑटोमेटेड गारबेज एंड वेस्ट कलेक्शन सिस्टम और वेस्ट टनल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि गांधी नगर, गुजरात में स्थित गिफ्ट सिटी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने उद्देश्य से विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित गिफ्ट सिटी को वर्ष 2007 में भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई। यहां प्रमुख वित्तीय सेवाओं, जैसे बैंकिंग, बीमा, वित्तीय बाजार और तकनीकी सेवाओं के लिए आदर्श वातावरण उपलब्ध है।

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने दिखाया रास्ता

### जाति जनगणना का काम 70 फीसदी पूरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना का 70 फ़ीसदी काम पूरा कर लिया है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। श्री गांधी ने कहा,तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे।

उन्होंने कहा, जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार–बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे।

### कंटेनर से 10 हजार किलो की चांदी की ईंटे बरामद

**नासिक, एजेंसी।** राज्य में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कड़ी निगरानी कर रहे धुले पुलिस अधिकारियों ने जिले के शिरपुर के थालनेर गांव में गाड़ियों की चेकिंग के दौरान 94 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की लगभग 10,000 किलोग्राम चांदी की ईंटे जब्त की हैं। नासिक के विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्र्य कराले ने मामले की जानकारी देते हुए बताया, पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में शिरपुर में एक कंटेनर में 94.68 करोड़ रुपये की 10 हजार किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक राज्य में इस समय मतदान चल रहा है।

56 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा

# गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी



पीएम मोदी का स्वागत गुयाना के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) मार्क एंथनी फिलिप्स ने एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों के साथ किया।

**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** गुयाना की ऐतिहासिक यात्रा पर गए पीएम मोदी ने बुधवार सुबह (भारतीय समयानुसार) जॉर्जटाउन पहुंचने के तुरंत बाद कई कैरेबियाई कम्युनिटी (सीएआरआईसीओएम) के नेताओं से मुलाकात की। यह जानकारी गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने दी। बता दें यह 56 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जी 20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद रियो डी जेनेरियो से एयरपोर्ट पहुंचने पर

गुयाना के राष्ट्रपति ने (बुधवार शाम, भारतीय समयानुसार) एक्स पर पोस्ट किया, कल शाम, मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय राजकीय दौरे के लिए गुयाना में स्वागत किया। बाद में शाम को जॉर्जटाउन के गुयाना मैरियट होटल में मुझे प्रधानमंत्री मोदी को कई सीएआरआईसीओएम नेताओं से मिलवाने का सौभाग्य मिला, जो दूसरे भारत–सीएआरआईसीओएम शिखर सम्मेलन के लिए यहां आए हैं। इस बैठक ने भारत और कैरीबियाई देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को रेखांकित किया।

### विनोद तावड़े को तुरंत गिरफ्तार किया जाए : चेन्निथला

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस के नेता और महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को वसई–विरार में मतदाताओं को नकदी बांटते रंगे हाथ पकड़े जाने पर तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। केरल विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता चेन्निथला ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा और उसके सहयोगी बड़े पैमाने पर धन और बल का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय महासचिव पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने पांच करोड़ रुपए बांटे, इसलिए उनको तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

लगातार 7वें दिन भी एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में

# प्रदूषण से लोगों की आंखों में हो रही चुभन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोगों को कोहरे और स्मॉग की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बीते सात दिन से राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। आबोहवा में जहर घुल गया है। इससे लोगों के सीने में जलन, सांस लेने में तकलीफ और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में भी चुभन हो रही है।

वहीं, बुधवार को लगातार सातवें दिन हवा खतरनाक श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 419 रहा, जोकि गंभीर श्रेणी में है। इसमें बुधवार के मुकाबले 41 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित दर्ज की गई। देश में दिल्ली तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी हवा गंभीर श्रेणी में बरकरार रह सकती है। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ स्मॉग छाए रहने की आशंका है।

इसके अलावा, पालम एयरपोर्ट में सुबह आठ बजे दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। जो सुधरकर सुबह 9 बजे 700 मीटर हो गई। वहीं, सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। जो उसके बाद सुधरकर सुबह साढ़े सात बजे 600 मीटर हो गई। इससे सड़कों पर आवाजाही पर असर पड़ा। सुबह से लेकर रात तक स्मॉग की चादर छाई रही। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही हल्का स्मॉग छंटने लगा। इसके बाद शाम ढ़लने के साथ ही एक बार फिर स्मॉग की चादर छाने लगी।

### प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर

ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, लोग सड़कों पर मास्क लगाते दिखे। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशाओं की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। बृहस्पतिवार को हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। हवा की गति 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी।

### दिल्ली का एक्यूआई

14 नवम्बर – 426
15 नवम्बर – 402
16 नवम्बर – 435
17 नवम्बर – 452
18 नवम्बर – 494
19 नवम्बर – 460
20 नवम्बर – 419

## सार-समाचार

### अनुसूचित जाति, जनजाति सचिव एवं सहायक सचिव संघ की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति/जनजाति सचिव एवं सहायक सचिव संघ की बैठक जिला अजाक्स कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चन्द्रभान रोहित अध्यक्ष अजाक्स तहसील एवं बैठक का संचालन प्रदीप अहिरवार पंचायत सचिव संगठन ने किया। इसके बाद जिला की कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें जिलाध्यक्ष राजू अहिरवार पामाखेडी को एवं दिनेश अहिरवार सागर ब्लाक अध्यक्ष, रामेश्वर अहिरवार कार्यवाहक अध्यक्ष, ममता रोहित कार्यवाही अध्यक्ष, बलराम अहिरवार कोषाध्यक्ष अहिरवार, प्रीतम अहिरवार सचिव, डालचंद अहिरवार सहसचिव, मनोज चढार, राजेश अहिरवार, भागीरथ अहिरवार, जगदीश अहिरवार को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में हेमराज अहिरवार, पुरूषोत्तम अहिरवार, कमल अहिरवार, राजू अहिरवार, चन्द्रभान रोहित आदि शामिल हुये।

### शायर आदर्श दुबे इण्डिया टुडे और आज तक के सब से बड़े मंच पर



**सागर, देशबन्धु।** भारत के प्रमुख हिंदी समाचार चैनल आज तक के सबसे बड़े साहित्यिक महोत्सव साहित्य आज तक में 22 नवंबर को जो कि मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम दिल्ली में होगा शहर के अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर और लेखक आदर्श दुबे को इस साल फिर आमंत्रित किया गया है, जिस में कला, सिनेमा, संगीत, थियेटर, राजनीति और संस्कृति से जुड़े दिग्गज मौजूद रहेंगे इस खबर के आते ही सागर शहर के तमाम साहित्यकारों और पत्रकारों ने आदर्श दुबे को बधाई दी। गौरतलब है कि आदर्श 22 नवम्बर को दिल्ली में अपनी शायरी पढ़ने के बाद 23 तारीख को रंग शारदा ऑडिटोरियम मुंबई में इंशाद द्वारा आयोजित ऑल इंडिया मुशायरे में भी आमंत्रित किये गये हैं जिसके लिये वे 23 तारीख को दिल्ली से मुंबई के लिये उड़ान भरेंगे। इससे पहले भी आदर्श दुबे शहर का नाम न सिर्फ भारत भर में बल्कि पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात, दुबई में भारत का प्रतिनिधित्तव करते हुये कर चुके हैं। साहित्य आज तक में उन्हें दोबारा आमंत्रित गया है, भारत भर में होने वाले बड़े बड़े मंचों पर आदर्श की मौजूदगी ही आदर्श की पहचान नहीं है बल्कि आदर्श दुबे की दो किताबें मैं इक चराग हूं हिंदी में और गजल का आंगन उर्दू में जिसे मप्र उर्दू अकादमी ने प्रकाशित किया जिस पर उन्हें मुंबई में अवार्ड हासिल हुआ काफी लोकप्रिय हुईं, इसके अलावा भी तमाम टेलीविजन शोज और पत्र पत्रिकाओं में आदर्श की रचनायें लगातार प्रकाशित होती रहती हैं।

### विद्यालयों में शिक्षकों की पहचान के लिये फोटोग्राफ अनिवार्य: डॉ. रावत

**सागर, देशबन्धु।** संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति और पहचान को पारदर्शी बनाने के लिये सभी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के नाम, यूनिक आईडी, मूल पदनाम और स्पष्ट रंगीन फोटोग्राफ विद्यालय के सूचना पटल पर लगाई जाये। डॉ. रावत ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपनी जगह अन्य छह व्यक्तियों या अतिथि शिक्षकों को पढ़ाने के लिये भेज रहे हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिये यह कदम उठाया गया है। विकासखंड स्तर पर सभी विद्यालयों के प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य की जानकारी मोबाइल नंबर सहित अद्यतन रखी जायेगी। संस्था प्रमुख शिक्षकों की उपस्थिति प्रमाणित कर मासिक उपस्थिति रिपोर्ट संकुल प्राचार्य को भेजेंगे। जनशिक्षकों को माह में दो बार प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण करना होगा। उनकी रिपोर्ट के आधार पर अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। दमोह जिले की तरह मोबाइल एप्स जैसे सार्थक एप और एम शिक्षा मित्र का उपयोग करते हुये शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि अगर किसी शिक्षक को अपने स्थान पर अन्य व्यक्ति या अतिथि शिक्षक को पढ़ाने के लिये रखा पाया गया, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जायेगी। संबंधित संस्था प्रमुख, जनशिक्षक और संकुल प्राचार्य पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से पूछा आर्मी के जवान बनोगे कि कलेक्टर या डॉक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ शा.उ.मा. विद्यालय बाघराज तिली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार प्रवीण पाटीदार, प्राचार्य संध्या गौतम सहित अन्य अधिकारी और शिक्षक मौजूद थे। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ विद्यालय के कक्षा 10 वीं में पहुंचे, जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं से शैक्षिणिक अध्ययन की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि आप में से किसको आर्मी मेन बनना है और किसको कलेक्टर या डाक्टर। छात्रों ने बताया कि मुझे आर्मी मेन और पुलिस में जाना है जबकि कुछ छात्राओं ने कलेक्टर एवं डॉक्टर बनने की इच्छा बताई। जबकि कक्षा 10 वीं की टॉपर नेन्सी चौरसिया ने बताया कि मैं अपना लक्ष्य नहीं बताउगीं, लक्ष्य पूरा होने के बाद ही अपने आप सभी को पता चल जायेगा। जिस पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि बहुत अच्छी बात है आप अपने लक्ष्य को अवश्य पूरा करोगी और हमेशा आगे बढ़ोगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विद्यालय का समय चक्र स्पष्ट अक्षरों के साथ विद्यालय के मुख्य द्वार पर चस्पा किया जाये जो कि विद्यार्थियों की दृष्टि में रहे। विद्यालय के शौचालय की प्रतिदिन सफाई की जाये। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिये 20 मिनिट साफ सफाई एवं उनके संपूर्ण विकास के संबंध में जानकारी प्रदान की जावे। उन्होंने विद्यालय परिसर में मौजूद बाउडी पर लोहे का जाल लगाने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने किया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल खंड का निरीक्षण



कलेक्टर संदीप जीआर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल खंड तिली चौराहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार प्रवीण पाटीदार, हेमंत कश्यप, गौरव सिंघई, कुलवंत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मेकेनिकल खंड में पड़ी कबाड़ सामग्री जिसमें कबाड हो चुके ट्रक सहित अन्य वाहन, पाईप लाईन व अन्य सामग्री को तत्काल डिस्ट्रॉय करें एवं परिसर को साफ स्वच्छ बनाये। संपूर्ण परिसर का सीमांकन किया जाये। जिससे वास्तविक जमीन का आंकलन हो सकेगा एवं अतिक्रमण को हटाया जा सकेगा। परिसर के मुख्य गेट पर कार्यालय बोर्ड लगायें। राजघाट में उपयोग होने वाली सामग्री को नगर निगम के सुपुर्द करें एवं शेष अनुपयोगी सामग्री को तत्काल हटायें। संपूर्ण परिसर की रंगाई पुताई भी करायें।

### छात्र-छात्राओं को अभिलेखों एवं मूर्तियों की प्रदर्शनी के साथ-साथ क्रूज का भ्रमण कराया



**सागर, देशबन्धु।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला सागर द्वारा आयोजित विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज म्यूजियम चलो अभियान के अंतर्गत जिला पुरातत्व संग्रहालय सागर में पुरा अभिलेखों एवं मूर्तियों की प्रदर्शनी के साथ-साथ लाखा बंजारा झील में क्रूज संचालक आकाश तिवारी के सहयोग से शासकीय कन्या हाईस्कूल सुभाष नगर की छात्र-छात्राओं को क्रूज का भ्रमण कराया।

### राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत बांदरी, बीना में लगाया गया कैम्प कोर्ट



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले के राजस्व अधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिये थे कि वह कैंप कोर्ट अर्थात न्यायालय आपके द्वार के माध्यम से प्रकरणों को हल करेंगे। कैंप कोर्ट के माध्यम से गांव-गांव शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इसी परिपेक्ष में राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत समस्याओं के निवारण के लिये तहसील बीना एरन में कैम्प कोर्ट लगाया गया और इसके अतिरिक्त ग्राम पहरगवां तहसील बांदरी में भू.अर्जन कैंप लगाया गया जिसका निरीक्षण मालथौन एसडीएम द्वारा किया गया। कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे मूल कार्य 30 दिवस से अधिक लंबित न रहे। जैसे ही राजस्व अधिकारियों के समक्ष प्रकरण आये, उसे चिन्हित कर त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही की जाये। ग्रामवासियों की समस्या का समाधान तहसील विकास खंड तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के स्तर से होना होता है। तहसील विकासखंड एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के स्तर पर आमजन को सुने एवं अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करे एवं आम जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाये। पटवारी भी अपने क्षेत्र या अपनी तहसील में निवास नहीं कर रहे हैं। इस कारण राजस्व विभाग का सूचना तंत्र कमजोर हो रहा है तथा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सूचनायें राजस्व अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त न होकर अन्य माध्यमों से प्राप्त होती है।

## महापौर ने 70 लाख की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी ने बुधवार को वेयर हाउस से स्नेह नगर तक बनने वाली सड़क और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस परियोजना पर 70 लाख रुपए की लागत आएगी। कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य, वार्ड पार्षद और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से स्थानीय निवासियों की मांग थी। इसके निर्माण से गोपालगंज, मधुकर शाह, शिवाजी नगर, तिली, इंदिरा नगर और सिविल लाइन सहित आसपास के 8 वार्डों के नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय जाने वाले लोगों को बड़ी राहत होगी। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने वार्ड को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और सागर को स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में अच्छी रैंक दिलाने में मदद करें। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये कई प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में महापौर ने कल्लू किराना स्टोर के पास से सिंह साहब के मकान तक सड़क निर्माण की घोषणा भी की। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि यह सड़क निर्माण क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हो रही है। निर्माण कार्य में सड़क के साथ नाली और पुलिया का भी निर्माण किया जायेगा। कार्यक्रम में विनोद तिवारी, संगीता जैन, रोशनी बसीम खान, रिशांक तिवारी सहित अन्य स्थानीय नेताओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में मप्र में द्वितीय स्थान पर आया नगर निगम

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री के प्रयासों से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने में मप्र के 16 नगर निगमों में नगर निगम सागर को पहली बार द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रतिमाह सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के संबंध में मप्र के सभी 16 नगर निगमों की ग्रेडिंग जारी की जाती जिसमें नगर निगम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु निगमायुक्त द्वारा लगातार बैठक कर स्वास्थ्य विभाग, जलप्रदाय, प्रकाश विभाग, जन्म मृत्यु शाखा, भवन भूमि सहित अन्य शाखाओं से संबंधित शिकायतों की लगातार समीक्षा की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम सागर को प्रथम बार मप्र के 16 नगर निगमों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सभी इंजीनियर, स्वच्छता अधिकारी सहित सभी शाखों के प्रभारियों से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का इसी प्रकार संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने की आशा व्यक्त की है।

### हाईवे पर 3 दिन से खड़ी है क्षतिग्रस्त कार, पुलिस को जानकारी नहीं



**बीना, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे बीना-खुरई रोड पर स्थित ढुरूवा गांव के पास लगे स्वागत द्वार के नजदीक कार एमपी 09 सीएस 7969 दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके बाद कार करीब तीन दिन से लावारिस हालत में खड़ी है। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे में कार करीब 200 मीटर से घसीटते हुये सड़क किनारे रुकी है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी वाहन को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे आ गई है। कार सवार अपनी कार छोड़कर भाग गये हैं। बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि अभी तक किसी भी कार सवार ने थाने में आकर कोई शिकायत नहीं की है। मौके पर पहुंचकर जांच कराई जायेगी।

### एक सरपंच, 14 पंच के लिए 9 दिसंबर को होगा उप चुनाव

**सागर, देशबन्धु।** पंचायत उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के 7 जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में एक सरपंच, 14 पंचों का निर्वाचन 9 दिसंबर को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर ने अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को उप जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। रूपेश उपाध्याय ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्ध्द के तहत जिले की 7 जनपद पंचायतों जिनमें जनपद पंचायत सागर में 4 पंच, जनपद पंचायत बीना में 2 पंच, जनपद पंचायत खुरई, मालथौन, बंडा, शाहगढ़ में एक-एक पंच का निर्वाचन होना है। जबकि जनपद पंचायत देवरी के अंतर्गत एक सरपंच एवं 4 पंचों को निर्वाचन होना है। सभी के नाम निर्देशन की प्रक्रिया जारी है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25 नवबंर है। निर्वाचन के लिये सभी जनपद पंचायतों की तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी बनाया है।

*मर्जर गलत निर्णय, जिला अस्पताल यथावत रहे*

## नई जगह पर हो मेडिकल कॉलेज का विस्तार: महापौर



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने जिला अस्पताल और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के मर्जर को गलत फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल की अपनी पहचान और सुविधा है, जो हर व्यक्ति की पहुंच में है। इस मर्जर के दुष्परिणाम पहले भी सामने आ चुके हैं, जिसके बाद इसे रद्द करना पड़ा था। महापौर ने मांग की है कि जिला अस्पताल को वर्तमान स्थिति में यथावत रखा जाये और मेडिकल कॉलेज का विस्तार नई जगह पर किया जाये। महापौर ने बताया कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के समुचित विकास के लिये लगभग 200 एकड़ क्षेत्र में इसे नई जगह पर बनाया जाना चाहिये। वर्तमान स्थल पर विकास के लिये पर्याप्त जगह नहीं है और जिला अस्पताल के परिसर को देने के बाद भी मेडिकल कॉलेज का सही तरीके से विस्तार संभव नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा तीन वर्षों से रखे गये 300 करोड़ रुपए के उपयोग को भी नई जगह पर मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिये प्रस्तावित किया। महापौर ने सुझाव दिया कि मेडिकल कॉलेज की मौजूदा जगह को पीपीपी मोड पर निजी संस्थानों को देकर वहां निजी विकास किया जाये और मेडिकल कॉलेज को नये परिसर में शिफ्ट किया जाये। साथ ही जिला अस्पताल को यथावत रखते हुये उसमें और अधिक सुविधाएं जोड़ी जायें। महापौर ने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, और प्रभारी मंत्री से चर्चा की है। जल्द ही नगर निगम के पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से दोबारा मुलाकात कर मर्जर के खिलाफ जनभावनाओं को रखा जायेगा।

## 3 जनशिक्षक और 5 शिक्षकों पर एफआईआर

**सागर, देशबन्धु।** जिले के सरकारी स्कूलों में ठेके पर टीचर रखने वाले शिक्षकों के खिलाफ बुधवार को शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई है। मालथौन, खुरई और जैसीनगर थाना पुलिस ने शिक्षा विभाग के प्रतिवेदन पर कार्रवाई करते हुये 3 जनशिक्षक और 5 शिक्षकों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। मालथौन के शिक्षक इन्द्र विक्रम सिंह परमार, भलैया में पदस्थ रूप सिंह चढ़ार प्राथमिक शिक्षक। इसी प्रकार जैसीनगर के शासकीय प्राथमिक शाला रहली के शिक्षक अनिल मिश्रा, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बंजरिया की शिक्षिका जानकी तिवारी और भगवानदास सकवार, गोकुल प्रजापति, मालथौन विकासखंड के जनशिक्षक जगभान अहिरवार, जैसीनगर जनपद शिक्षा केंद्र के हरिशंकर लोधी और भोलाराम अहिरवार को अपने शिक्षक केंद्र में आने वाली सभी प्राथमिक माध्यमिक शालाओं की 15 दिन में मॉनीटरिंग और दायित्वों के निर्वाहन में घोर लापरवाही बरतने पर इन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(18) और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## डॉ. सर हरिसिंह गौर को भारत रत्न मिले: रघु ठाकुर

**सागर, देशबन्धु।** सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा ने डॉ. सर हरिसिंह गौर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की है। पिछले एक दशक से मोर्चा इस मांग को लेकर सक्रिय है और दिल्ली के जंतर मंतर पर हर वर्ष प्रदर्शन करते हुये भारत सरकार को ज्ञापन सौंपता रहा है। मोर्चा के संरक्षक रघु ठाकुर ने बताया कि इस विषय पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सहित भारत सरकार के कई मंत्रियों से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ. सर हरिसिंह गौर ने शिक्षा, समाज और न्याय के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। उनका सम्मान भारत रत्न से किया जाना न केवल उनके प्रति सम्मान प्रकट करेगा बल्कि समाज के प्रति सरकार की जिम्मेदारी का भी प्रतीक होगा। मोर्चा ने घोषणा की है कि 25 और 26 नवंबर को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में उनके सदस्य सक्रिय भागीदारी करेंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से डॉ. गौर की उपलब्धियों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। डॉ. सर हरिसिंह गौर मप्र के गौरव हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये और सागर विश्वविद्यालय की स्थापना कर देश को एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक धरोहर दी। मोर्चा का कहना है कि उनके योगदान को भारत रत्न से सम्मानित कर सरकार अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुये मोर्चा ने कहा कि डॉ. गौर के योगदान को भारत रत्न से विभूषित करना देश के शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति एक सशक्त संदेश होगा।

## जीएसटी विभाग की कार्रवाई, ई-वे बिल एक्सपायरी होने पर जीएसटी विभाग ने शक्कर, घड़ी साबुन से भरे दो ट्रक पकड़े




**बीना, देशबन्धु।** जीएसटी कमिश्नर के आदेश पर जीएसटी विभाग ने बुधवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शक्कर और घड़ी साबुन से भरे दो ट्रक जब्त किये हैं। दोनों ट्रकों में भरे माल के ई.वे बिल एक्सपायरी होने पर ट्रक पकड़कर थाने में रखे गये हैं। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी लालमन धुर्वे ने बताया कि बीना शहर में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया। जिसमें सर्वोदय चौराहे के पास एक शक्कर से भरा एक ट्रक मिला। टीम ने ट्रक के दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि उसका ई.वे बिल एक्सपायरी हो चुका है। इसके चलते यह ट्रक जब्त कर पुलिस को सुपुर्द कर थाने में रखा गया है। इसी तरह नईबस्ती में घड़ी साबुन से भरे एक ट्रक को रोककर उसके दस्तावेज चेक किये गये। इसका भी ई.वे बिल एक्सपायरी हो चुका था। घड़ी साबुन से भरा यह ट्रक जब्त कर थाने में रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि बिना जांच किये जीएसटी चोरी के बारे में कुछ नहीं कह सकते। पूरे माल की जांच कर दस्तावेज देखे जाएंगे, यदि टैक्स चोरी का मामला सामने आयेगा तो उनसे जुर्माना सहित जीएसटी की भी वसूली होगी।

# गंभीर क्षति सहकर भी मीडिया मानवाधिकारों की बहाली करने में अहम योगदान देती है: डॉ. द्विवेदी



**सागर, देशबन्धु।** यदि किसी देश में मानवाधिकारों की स्थिति विषम है तो मीडिया को भी स्वतंत्र रूप से कार्य करने में कठिनाई होती है। यद्यपि ऐसी परिस्थिति में मीडिया की असली परीक्षा भी होती है। ऐसे प्रसंग भी हैं जब जटिल परिस्थितियों में मानवाधिकारों के हनन के बीच गंभीर क्षति सहकर भी मीडिया ने अपना दायित्व निभाया और मानवाधिकार बहाली में भी सफल योगदान दिया। युद्ध काल में यह स्वाभाविक है। पत्रकारिता के पेशे में अक्सर पत्रकारों को भी मानवाधिकार हनन की स्थिति का सामना करना पड़ जाता है। यह बात इंक मीडिया के निदेशक डॉ. आशीष द्विवेदी ने कही। वे शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मीडिया और मानवाधिकार विषय पर आयोजित कार्यशाला में उद्गार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखना, हवालात में कैदियों के साथ दुर्व्यवहार, हत्याएं और प्रताड़ना के मामले अक्सर ही सामने आते रहते हैं। खुद मीडियाकर्मियों के साथ भी ऐसी घटनायें घटती हैं और आम जनता के साथ होने वाली ऐसी घटनाओं को कवर करने से उन्हें रोका भी जाता है। मनुष्य होने के नाते हमारी साझी जिम्मेदारी है कि परस्पर एक दूसरे की गरिमा बनाये रखें। उन्होंने छात्राओं से आव्हान किया कि जब कभी आपको लगे कि आपके आसपास कोई किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है तो उसकी शिकायत दर्ज अवश्य कराएं। यह जागरूकता से ही संभव है। विभाग के शिक्षक डॉ. प्रहलाद अहिरवार ने आरंभ में कार्यशाला के मंतव्य पर प्रकाश डालते हुये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार की की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता त्रिपाठी ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचार छात्राओं की समझ को व्यापक करते हैं। उन्हें विषय के सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा व्यवहारिक ज्ञान को सीखने में भी सहायता मिलती है। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की समस्त छात्राएं उपस्थित थीं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

## सार समाचार

### रेत खदान के नीचे दबकर युवक की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** सटई थाना के अंतर्गत ग्राम नेगुवां में रेत खदान से रेत खोदते समय अचानक भारी मात्रा में रेत गिरने से दबकर एक युवक की मौत हो गई है। वहीं दूसरा बुरी तरह से घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नेगुवां निवासी 25 वर्षीय पुष्पेंद्र सपेरा गांव के दादू के ट्रैक्टर पर चालक लुन्दी पटेल, हरिओम रैकवार, गन्ना पटेल और धर्मेंद्र सपेरा के साथ ग्राम वर्मा में रेत खदान से रेत भरने के लिए गया था। जब वे रेत खोदकर ट्रैक्टर में भर रहे थे तभी अचानक रेत भरभराकर गिरी, जिसके नीचे पुष्पेंद्र सपेरा और लुन्दी पटेल दबकर बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद हरिओम रैकवार और गन्ना पटेल ने उन्हें रेत के नीचे से निकाला और परिजनों को जानकारी दी। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं लुन्दी पटेल को मामूली चोट आने पर उसका इलाज किया जा रहा है। बिजावर एसडीओपी शशांक जैन ने बताया रेत के नीचे दबकर युवक की मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

### रेत से भरे ट्रैक्टर ने बाइक सवार 2 युवकों को मारी टक्कर, 1 की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** बीते रोज जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक तेज रफ्तार बालू से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक बुरी तरह से घायल हो गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चंदवारा निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ धुन्नी सिंह 50 वर्ष अपने साथी दिग्विजय सिंह निवासी चंदवारा के साथ बाइक से बारीगढ़ की ओर आ रहा था। तभी ग्राम धवारी से चंदवारा की ओर जा रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल जीतेन्द्र सिंह और दिग्विजय सिंह को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने जीतेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। दिग्विजय का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

रेल्वे क्रॉसिंग पर लगता है जाम, ओवरब्रिज की मांग पर नहीं हो रही सुनवाई

# झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे पर परेशानी का सबब बना रेलवे गेट





**हरपालपुर, देशबन्धु।** झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे से होकर झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक गुजरा है। यहां ट्रेन गुजरने के समय वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए रेलवे गेट लगा है, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। रेलवे गेट बंद होते ही लगने वाले जाम से त्रस्त आमजन काफी समय से रेलवे गेट पर ओवरब्रिज बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस मांग पर किसी ने आज तक ध्यान ही नहीं दिया है।

झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे पर स्थित हरपालपुर कस्बा चार तरफ से उत्तर प्रदेश की सीमाओं से सटा है। एक तरफ जहां महोबा जिले की सीमा शुरू होती है वहीं रेलवे क्रॉसिंग है। जिसके बीच से हरपालपुर से राठ व महोबा की ओर जाने वाला हाइवे गुजरता है। ट्रेन जब प्लेटफार्म पर आती है और कुछ देर रुककर जब तक गुजरती नहीं है तब तक रेलवे क्रॉसिंग का गेट बंद रहता है। इससे दोनों ओर वाहन की लंबी कतारें लग जाती हैं। दरअसल रेलवे गेट बंद होते ही जल्दबादी के चक्कर में बाइक सवार, आटो और ई-रिक्शा चालक अपनी साइड छोड़कर रॉन्ग साइड में अपने वाहन खड़े कर लेते हैं। इस वजह से जब रेलवे फाटक खुलता है तो ट्रैफिक जाम हो जाता है।

### लंबे जाम में फंसे लोगों ने जताई नाराजगी

बुधवार को भी रेल्वे क्रॉसिंग पर ऐसा ही नजारा दिखाई दिया। गेट बंद होते ही जाम की वजह से क्रॉसिंग टर्न पर यूपी रोडवेज की बस काफी देर तक जाम में फंसी रही। किसानों के ट्रैक्टर व झांसी, महोबा, कानपुर, हमीरपुर, बांदा, उरई और दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन चालकों ने जल्दबाजी के चक्कर में रॉन्ग साइड में अपने वाहन खड़े कर लिए। इसके बाद जब फाटक खुला तो दोनों तरफ के चार पहिया वाहन और ट्रैक्टर ट्रॉली न निकलने की वजह से जाम लग गया। बीमार व प्रसूता को लेकर जा रहे वाहन जाम में फंस जाने से अनहोनी का खतरा भी बढ़ गया। काम से जल्दी जाने वाले भी जाम में फंसकर घंटो लेट होने से झुंझलाते दिखाई दिए। बता दें कि यह समस्या नई नहीं बल्कि कई वर्षो पुरानी है। मगर आज तक जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

### रेल्वे लाइन पर ओवरब्रिज बनना जरूरी

लोग कई बार रेल्वे लाइन पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग कर चुके हैं। पूर्व विधायक नीरज दीक्षित ने इस बारे में वरिष्ठ स्तर पर पत्राचार भी किया था, पर उसका कोई नतीजा नहीं निकला है। बता दें कि इस बडे प्रोजेक्ट में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार सहित सेंट्रल रेलवे की संयुक्त पहल व प्रयास जरूरी है। इसी कारण यह प्रोजेक्ट वर्षों से अटका है। स्थानीय लोग कई बार रेलवे के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस बारे में मांगपत्र भी दे चुके हैं। लेकिन रेलवे गेट पर ओवरब्रिज बनाने की मांग को कोई नहीं सुन रहा है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश है।

# पिता ने लगाया आरोप, दबंगों ने बेटे को पीटकर फंदे पर लटकाया

**छतरपुर, देशबन्धु।** सटई थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया में एक पिता ने गांव के दबंगों पर उसके पुत्र के साथ मारपीट कर उसे फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी रामदीन यादव ने आरोप लगाया कि मंगलवार की दोपहर उसके पुत्र छोटू उर्फ सोनू यादव 19 वर्ष की गांव के 8 लोगों द्वारा झमटुली में मारपीट की गई। इसके बाद सोनू को फंदे पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी है। खेत पर लगे पेड़ से उसके पुत्र सोनू का शव लटकता मिला है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी दीपक यादव ने शव का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद जो तथ्य सामने आयेंगे के आधार पर जांच उपरांत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### भांग ठेका की आड़ में अवैध रूप से बिक रहा था गांजा

**नौगांव, देशबन्धु।** बस स्टैंड में सरकारी लायसेंस भांग ठेका की आड़ में लंबे समय से अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक बस स्टैंड पर स्थित राजीव मार्केट की दुकान में भांग का सरकारी लायसेंस लेकर दुकान खुली है।

भांग ठेकेदार द्वारा भांग बेचने की आड़ में लंबे समय से गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश राय पुत्र छोटेलाल राय 68 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। दुकान से 630 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। विवेचना के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### महिलाओं के लिए निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आज से

**नौगांव, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नौगांव द्वारा 21 से 20 दिसंबर तक 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं एसबीआई आरसेटी नौगांव में आवेदन कर सकती हैं। बताया गया है कि महिलाओं की उम्र 18 से 45 वर्ष होना और उनका 10वीं पास होना जरुरी है। साथ ही उनका बीपीएल या खाद्यान्न पर्ची या मनरेगा जॉब कार्डधारी होना चाहिए। प्रशिक्षण के अंत में उन्हें प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। साथ ही शासन की ऋण योजनाओं एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ऋण आवेदन भरवाकर संबंधित बैंकों को भेजे जाएंगे, ताकि वे ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरू कर सकें।

## बास्केटबॉल स्पर्धा में बालिकाओं ने दिखाया शानदार प्रदर्शन



**नौगांव, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नौगांव के तत्वावधान में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं ने उत्साह से हिस्सा लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। परिषद के भाग संयोजक आशुतोष गुप्ता ने बताया विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी खिलाडियों को मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में रेफरी जगदीश रैकवार रहे। कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कृतिका मिश्रा, नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव, अश्विनी मिश्रा, अमृतांश, शैलेंद्र राजपूत, राजवीर बुंदेला, चिराग मिश्रा, शीतल अहिरवार, प्रहलाद सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में गुरुवार को सुबह 9 बजे से संभागीय, अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ एक विशाल रैली के साथ किया जाएगा। मीडिया समिति के संयोजक डॉ. एसपी जैन एवं सदस्य एनके पटेल ने बताया कि इस रैली में सागर संभाग के सभी जिलों के प्रतिभागी, कलाकार, मैनेजर्स, विश्वविद्यालय प्रशासन, युवा उत्सव समिति, सभी प्राध्यापक, स्टॉफ, एनसीसी, एनएसएस के वॉलेंटियर एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

## सैनिकों ने छात्र-छात्राओं को दी सेना में कॅरियर की जानकारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय सेना के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईशानगर में एक दिवसीय कॅरियर काउंसिलिंग आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को सेना में कॅरियर से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही कम्प्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग तथा साइंस रिलेटेड सब्जेक्ट्स में कॅरियर के बारे में भी बताया गया। अग्निवीर योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके पूर्व वायु सेना के सार्जेंट आशीष व कार्पोरेल सौरभ द्वारा छात्र-छात्राओं को अन्य फील्ड के बारे में भी बताया गया। वर्कशॉप में इंजीनियरिंग से जुड़े अन्य फील्ड के बारे में भी बताया गया। उन्हें बीटेक, एमएस, एमटेक, पीएचडी, आईआईटी जैसे कोर्सेज में एडमिशन की प्रक्रिया बताई गई। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वे किस तरह वे लीडरशिप क्वालिटीज को अपना कर जीवन में आगे बढ़कर सफल हो सकते हैं। इस दौरान शिक्षक कमलेश त्रिपाठी, महेश गुप्ता, श्री पांडे सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### बैठक में बनाई पदयात्रियों के स्वागत की रूपरेखा

**नौगांव, देशबन्धु।** हिन्दू जागरण पदयात्रा 23 नवंबर को नौगांव में प्रवेश करेगी। प्रवेश व रात्रि विश्राम को लेकर मंशादेवी मंदिर प्रांगण में बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें व्यवस्था व स्वागत की विस्तृत रूपरेखा बनाई गई।

बैठक में पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक, गजेंद्र सोनकिया, दिनेश अग्निहोत्री, अमित तिवारी, सुरेश कुमार बादल, श्याम सुंदर अरजरिया, सुशील पटेरिया, शिवम द्विवेदी ददरी, लव सुल्लेरे, दीपक दीक्षित, मुन्ना अग्निहोत्री, जुगल पाठक, दीपू शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। बैठक में यात्रा के स्वागत, साज सज्जा, स्वल्पाहार को लेकर कमेटी का गठन कर दायित्व सौंपे गए। बता दें कि पदयात्री झांसी खजुराहो फोरलेन हाइवे पर एक निजी कॉलेज में रात्रि विश्राम करेंगे। रमाशंकर मिश्र मनीषी ने बताया कि तहसील चौराहे पर भारत माता की भव्य झांकी तैयार करके यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गायत्री परिवार के डीडी चौबे ने बताया गायत्री परिवार द्वारा गायत्री मंदिर पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। नगर में साज-सज्जा एवं प्रचार-प्रसार के लिए एक कोर कमेटी बनाई गई है।

बच्चों से किया संवाद, योजनाओं को गति देने के दिए निर्देश

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने आंगनबाड़ी और फ्रूट फॉरेस्ट का किया निरीक्षण



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने ग्राम हतना में बनाए गए आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र और ग्राम खौंप में फ्रूट फॉरेस्ट का निरीक्षण करके नवाचार व व्यवस्थाओं की सराहना की है। ग्राम हतना के आंगनबाड़ी केन्द्र में चलने वाली क्लैप गतिविधियों की सहायिका व सुपरवाईजर से जानकारी ली।

राज्यमंत्री पासवान ने आंगनबाड़ी के बच्चों से बातचीत कर उन्हें बिस्किट वितरित किए। इसके बाद रसोई व शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विधायक ललिता यादव के साथ ग्राम पंचायत खौंप की हरि बगिया स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए फ्रूट फॉरेस्ट का जायजा लिया। फ्रूट फॉरेस्ट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा भी रोपा। समूह की महिलाओं ने केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पासवान को अमरूद खिलाकर टेराकोटा से बने दीप भेंट किए। इसके बाद केन्द्रीय राज्यमंत्री ने ग्राम पंचायत मोरवा में जल संरक्षण के लिए बनाई गई बावड़ी का निरीक्षण करके पानी की सफाई के निर्देश दिए। ग्राम सदना में अटल भू-जल एवं मनरेगा से बनाए गए घाट व पौधरोपण का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम अखिल राठौर, डीपीओ राजीव सिंह, जनपद सीईओ अजय सिंह, सीईओ राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आवारा मवेशियों की परेशानी से मुक्ति दिलाने की मांग



**गौरिहार, देशबन्धु।** इन दिनों क्षेत्र में हजारों की संख्या में विचरण कर रहे अन्ना (बेसहारा)जानवरों से किसान बुरी तरह से परेशान हैं। खड्डी गांव के कई किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

किसान राजाभैया तिवारी, अनिल दीक्षित, उदयभान अहिरवार, अविनाश त्रिपाठी, चन्द्रभान शुक्ला, मुन्ना बापू, सुखदेव बिहारी मिश्रा, शिवशरण मिश्रा, वंशगोपाल, रिशीविनय कुमार और संजय पाराशर सहित किसानों ने ज्ञापन का हवाला देते हुए बताया कि हजारों अन्ना पशु खेत में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं।

जिससे उनकी रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया है। उन्होंने पशुओं के लिए ग्राम पंचायत के माध्यम से गोठान की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

## यातायात नियमों के बारे में स्कूली विद्यार्थियों को किया जागरुक



**अशोकनगर, देशबन्धु।** यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अलग-अलग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को भी ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर ने संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात के नियम बताएं।

यातायात थाना टीम ने डीजिटल कम्प्यूटर बोर्ड पर स्लाईडशो प्रजेंटेंशन के माध्यम से बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। जिसमें यातायात जागरूकता, सडक दुर्घटनाओं के आंकड़ें, यातायात संकेतक, सडक दुर्घटनाओं के कारण, दुर्घटनाओं के प्रकार, स्वयं को सडक पर चलते समय कैसे सुरक्षित रखा जाये, बस से आते-जाते समय क्या सावधानी रखी जाये इस बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही सडक दुर्घटनाओं के वीडियो स्क्रीन पर बताये गये जिसमें क्या क्या सावधानी बरती जा सकती थी, जिससे दुर्घटना रोकी जा सकती थी। थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर ने गुड सेमेरिटन योजना के बारे में बताते हुए सभी को बिना किसी कानूनी कार्यवाही के डर से दुर्घटनाओं में घायल लोगों की हमेशा सहायता करने के बारे में बताया। उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन किये जाने की शपथ दिलाई गई जिसमें अपने परिवारजनों के साथ स्वंय भी दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चलाते समय दुर्घटनाओं से बचने के लिये हमेशा हेलमेट एवं सीटबेल्ट धारण करेंगें।

*संगीत संध्या में कलाकारों ने बांधा समां, मंत्रमुग्ध हुए श्रोता*

## देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति समागम में छाया गीत-संगीत का जादू






***छतरपुर, देशबन्धु।*** *महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आयोजित नारी शक्ति समागम में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।*

*विभागाध्यक्ष डॉ. एसके छारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं में अभिलाषा पटेल, अंशिका वैद्य, रूपा पाल, सुषमा पाल, मेघा तिवारी, शबनम व हर्ष ने शास्त्रीय व सुगम संगीत सहित भजनों की उम्दा प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने डॉ. राजश्री गोहदकर के साथ शास्त्रीय संगीत का चित्रपट संगीत से संबंध दर्शाते हुए एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों से खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संगीत विभाग के अतिथि विद्वान शिवम स्वर्णकार व सुकन्या श्रीवास्तव के गायन से सभी झूम उठे। इनके साथ तबले पर शैलेन्द्र वर्मा ने लुभावनी संगत दी।*

*इस अवसर पर एमसीबीयू की कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी, विशिष्ट अतिथि डॉ सुरभि खरे स्त्री रोग विशेषज्ञ, रुचिता तिवारी, दीपिका दीक्षित, लीना तातेड़, डॉ. रेखा शर्मा तकनीकि अधिकारी एपीएस विश्वविद्यालय रीवा और महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के डीसीडीसी डॉ. ओपी अरजरिया, डीएसडब्लू डॉ आरके पांडे, मीडिया प्रभारी डॉ. एसपी जैन, आयोजन प्रभारी राकेश चढ़ार, सहायक कुलसचिव हर्षित ताम्रकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।*

देशबन्धु

सागर, गुरुवार 21 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महाराष्ट्र : चुनाव जीतने भाजपा की छटपटाहट

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी की बेताबी का आलम मतदान के पहले के दो दिनों में देखने को मिला। सोमवार की रात चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर बड़ा हमला हुआ जिसमें वे जख्मी हो गये, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को मुम्बई के निकटस्थ एक उपनगर में नोट बांटते हुए पकड़ा गया। देशमुख राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता हैं जिनके पुत्र सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। नरखेड़ में प्रचार कर अनिल देशमुख नागपुर लौट रहे थे तभी उनकी कार पर पत्थरों से हमला हुआ। उनके सिर पर चोटें आईं। उन्हें पहले काटोल के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तत्पश्चात उनकी चोटों को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है, तो वहीं तावड़े के विरुद्ध चुनाव आयोग ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तावड़े महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री रह चुके हैं।

बुधवार को प्रदेश की सभी 288 सीटों के लिये हुआ मतदान किस माहौल में सम्पन्न हुआ इसका अंदाजा तो लग ही गया, यह भी साफ है कि महाराष्ट्र की सत्ता किसी भी परिस्थिति में हाथ से न जाने देने के लिये भाजपा आमादा है। यहां भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के तहत मैदान में हैं। उसके खिलाफ महाविकास आघाड़ी के नाम से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एवं एनसीपी का शरद पवार धड़ा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए के भीतर चल रहे मनमुटाव और मतभेदों के चलते वह कमजोर पिच पर खड़ी है तो दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) तमाम विपरीत परिस्थितियों तथा दुश्वारियों के बीच भी एकजुट है जिसके कारण सत्ता हाथ में होने के बाद भी एनडीए को चुनाव जीतने के लिये तमाम हथकण्डे अपनाने पड़ रहे हैं। देशमुख पर किये गये हमले के आरोपियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन देशमुख एवं उनकी पार्टी का विश्वास है कि पत्थर भाजपा के लोगों ने ही चलाये।

उधर विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके द्वारा ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ सबूत मिटाने के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपयों का हिसाब है। हालांकि तावड़े अपने स्थानीय उम्मीदवार राजन नाईक के साथ सफाई देते रहे और चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे लेकिन दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हो ही गये।

मंगलवार की रात भर में तावड़े के इस धन वितरण की क्लिप्स और विस्तृत वीडियो महाराष्ट्र भर में फैल गये। देखना यह है कि इसका असर मतदान पर क्या हुआ। 23 नवम्बर को ही पता चल पायेगा जब सभी नतीजे निकलेंगे। जो भी हो, इसके कारण विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया। राहुल गांधी ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिंचाई की। उन्होंने पूछा कि 'अदानी द्वारा टेंपो में भर-भरकर महाराष्ट्र में नोट भेजे जाने की पीएम कब जांच कराएंगे?' कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिये जमकर पैसा बंटा है। तावड़े से बरामद 5 करोड़ रुपये तो झलक मात्र है। राज्य में आम चर्चा है कि एक-एक वोट के लिये 10-10 हजार रुपये तक बांटे गये हैं। तावड़े द्वारा किये गये धन वितरण के मामले तथा देशमुख पर हुए हमले को लोग भाजपा की सत्ता की अकुलाहट से जोड़कर देख रहे हैं।

भाजपा द्वारा अपनाये जा रहे हथकण्डों से यह आशंका भी गहरानी स्वाभाविक है कि यदि एनडीए को बहुमत नहीं मिलता और एमवीए अपनी सरकार बनाने में विलम्ब करती है तो केन्द्र राज्यपाल के जरिये यहां वैसा ही खेला कर सकती है जिस तरह तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनवा दी थी। इसके लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 26 नवम्बर तक प्रदेश की नयी सरकार का गठन हो जाना चाहिये अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने में केन्द्र सरकार देर नहीं करेगी। यह भाजपा की राजनीतिक मोडस आपरेंडी रहेगी कि पहले सत्ता को केन्द्र अपने हाथों में ले तत्पश्चात वहां ऑपरेशन लोटस के जरिये खुद की सरकार बना ली जाये। बुधवार को जेल जा चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी ने शरद पवार की पुत्री व सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर क्रिप्टोकरेंसी में 235 करोड़ रुपये मूल्य के बिटकाइन की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है। पाटिल के अनुसार इस राशि का उपयोग इस चुनाव में किया गया है। हालांकि इसका खंडन खुद शरद पवार ने यह कहकर किया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन चुनाव से पहले इस तरह के आरोप और खुलासे भाजपा की छटपटाहट को दर्शा रहे हैं।

# फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में है। राज्य के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा है, जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों को कुछ घंटों की राहत दी जा रही है, लेकिन सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त ही है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। जब कोई राज्य लगभग डेढ़ साल से हिंसाग्रस्त रहे, जब राज्य के मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों को पूरा न कर पाएं, जब देश के प्रधानमंत्री को आम जनता की सुध लेने की फिक्र न हो, तब जनता किस तरह से आराम से रह सकती है। सिर पर हमेशा हिंसा की तलवार लटके रहने पर कितना मानसिक तनाव होता होगा इसकी तो कल्पना हम कर भी नहीं सकते। आश्चर्य होता है यह देखकर कि प्रधानमंत्री मोदी ने कितने आराम से खुद को मणिपुर से दूर कर लिया है। अभी जब इस पूर्वोत्तर राज्य में हालात फिर बिगड़े तो अमित शाह ने अपने चुनावी दौरे का थोड़ा हिस्सा रद्द किया, हालांकि पिछले महीने मणिपुर पर गृहमंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठक में वे खुद ही शामिल नहीं हुए थे, खैर अमित शाह अब राज्य की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर मुद्दे पर दखल देने की मांग की है। मंगलवार को लिखे दो पेज के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि 18 महीने में केंद्र और राज्य की सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने में असफल रही है। आप संविधान की संरक्षक हैं, इसलिए दखल दें। मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी ने समर्थन वापस ले लिया है और सोमवार को एनडीए की एक बैठक में 18 विधायक ही गायब रहे। कहने का आशय यह कि अपने दायरे में रहकर कमोबेश सभी राजनेता अपने मंतव्य को सामने रख रहे हैं या कार्य कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी ऐसा नहीं कर रहे तो सवाल उठता है कि आखिर मोदी चाहते क्या हैं। उनके अपने ही देश में एक राज्य हिंसा में झुलसा हुआ है और उनके मुंह से उफ तक नहीं निकल रही। क्या मोदी की 56 इंची छाती के भीतर पत्थर का दिल है, जिसमें कोई स्पंदन ही नहीं होता।

अभी जब विधानसभा चुनावों के साथ-साथ मणिपुर के हालात पर भी देश का ध्यान जा रहा है, तब ये देखना दिलचस्प है कि मोदी का ध्यान किस तरफ है। 17 नवंबर को श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से आलोक भट्ट नाम के एक यूजर का एक्स पोस्ट रीपोस्ट किया है। इस पोस्ट में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर भी दिखाया गया है। नरेन्द्र मोदी ने लिखा है: ''ये अच्छी बात है कि ये सच सामने आ रहा है और वो भी एक ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक फेक नैरेटिव कुछ समय तक ही चल सकता है। आखिरकार, फैक्ट्स हमेशा सामने आते हैं!'' गौरतलब है कि आलोक भट्ट ने फिल्म देखने की 4 वजहें बताई गई हैं। इन वजहों के बारे में बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ये फिल्म उन 59 लोगों के लिए सही मायने में श्रद्धांजलि है जिन्होंने गोधरा कांड में अपनी जान गंवाई थी। आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री के इस ट्वीट के बारे में एक विज्ञप्ति बाकायदा प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी हुई है। प्रसंगवश बता दें कि आलोक भट्ट के एक्स हैंडल पर भाजपा के झारखंड चुनाव के लिए बनाए गए उस वीडियो पर एक पोस्ट है, जिसे चुनाव आयोग ने हटाने के निर्देश दिए हैं। इस वीडियो में एक व्यक्ति के घर पर जबरन कई सारे लोगों को घुसते हुए दिखाया गया है जो एक खास समुदाय के हैं।

> फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।

खैर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट और नरेन्द्र मोदी के ट्वीट पर लौटते हैं। पाठकों को ध्यान होगा कि कर्नाटक चुनाव में द केरल स्टोरी का प्रचार प्रधानमंत्री ने किया था। उससे पहले द कश्मीर फाइल्स की मार्केटिंग प्रधानमंत्री ने की थी। श्री मोदी की अभिनय क्षमता के बहुत से लोग कायल हैं। भाषण देते-देते गले का अचानक रुंध जाना, किसी के कंधे पर हाथ रखकर अपनी संवेदना जताना, क्रोध, वात्सल्य, भक्ति आदि रसों का विभिन्न मौकों पर इस्तेमाल करना उन्हें अच्छे से आता है। इसलिए फिल्मों के लिए उनका रुझान चौंकाता नहीं है। लेकिन यहां बात वक्त के तकाजे की है। जैसे परीक्षा सिर पर हो और परीक्षार्थी फिल्में देखने, मनोरंजन या सैर-सपाटे में वक्त बिताए तो फिर परीक्षा को लेकर उसकी गंभीरता पर सवाल उठेंगे, साथ ही परिणाम को लेकर भी चिंता जाहिर होगी। ये भी मुमकिन है कि परीक्षा उतीर्ण करने के लिए भ्रष्ट तरीकों का सहारा लिया जाए। अब यही चिंता प्रधानमंत्री के रवैये से भी हो रही है। क्या कारण है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री ट्वीट नहीं करते, बयान नहीं देते, वहां के लोगों को हौसला नहीं बंधाते कि हालात सामान्य करने के लिए वे काम कर रहे हैं, मगर देश के मुश्किल वक्त में फिल्म के प्रचार में जुट जाते हैं। क्या चुनाव प्रचार से नरेन्द्र मोदी का मन नहीं भरता, जो वो वक्त निकाल कर फिल्म का प्रचार भी करते हैं। हालांकि आजकल इसके लिए बाकायदा प्रचार एजेंसियां काम करती हैं जिनके कहने पर फिल्म के कलाकार भी एक शहर से दूसरे शहर प्रचार के लिए के हैं। सोचने वाली बात ये है कि श्री मोदी आखिर किस एजेंसी या किन लोगों के कहने पर प्रचार करते हैं। अपने प्रचार ट्वीट में नरेन्द्र मोदी ने फेक नैरेटिव यानी झूठे कथानक गढ़ने का भी मुद्दा उठाया है और इस बात पर संतोष जाहिर किया है कि तथ्य हमेशा सामने आते हैं। तो क्या द साबरमती रिपोर्ट, फिल्म को कानून की कसौटी पर परखा गया है, क्या नरेन्द्र मोदी इसे ही सौ प्रतिशत सच कह रहे हैं, क्या फिल्म में जरा भी कल्पना का पुट नहीं है, जब नरेन्द्र मोदी प्रचार कर ही रहे हैं तो इन्हें सवालों के जवाब भी पता ही होंगे।

वैसे पाठकों को याद दिला दें कि गोधरा कांड पर ही बीबीसी ने भी एक वृत्तचित्र का निर्माण किया था, इंडिया : द मोदी क्वेश्चन। 2023 में दो हिस्सों में बने इस वृत्तचित्र में घटना से जुड़े और प्रभावित हुए कई लोगों की बातचीत दिखाई गई, लेकिन भारत में इस पर प्रतिबंध लगाया गया और अब मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। जाहिर है इस वृतचित्र में जो कुछ दिखाया गया है वह श्री मोदी की निगाह में फेक नैरेटिव रहा होगा और इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया। हालांकि यह देखकर इत्मीनान हुआ कि अब प्रधानमंत्री को भी कथानकों के गढ़ने और दुष्प्रचार के लिए झूठी खबरों पर चिंता हो रही है। जब साबरमती रिपोर्ट पर उन्होंने अपनी राय दी है तो उन्हें बिल्किस बानो के साथ की गई नाइंसाफी पर भी अपने विचार रखने चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि बाबरी मस्जिद तोड़ने को जब अदालत ने अपराध बताया है तो उसी जमीन पर राम मंदिर बनाना न्याय है, फेक नैरेटिव है या आधा गिलास पानी और आधा हवा से भरे होने का पॉजिटिव एटीड्यूड है। झूठे कथानक की बात निकली है तो एक दिलचस्प मिसाल गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और अब उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पेश की है। लखनऊ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में दावा किया कि वैदिक युग के ऋषि भारद्वाज ने विमान के विचार की कल्पना की थी लेकिन इसके आविष्कार का श्रेय राइट ब्रदर्स को गया। आनंदीबेन ने ये भी कहा कि रावण का छोटा भाई कुंभकर्ण छह महीने सोता नहीं था, बल्कि वो मशीनें बनाता था और इसकी जानकारी बाहर न जाए, इसलिए रावण के आदेश पर छह महीने अपने कक्ष से बाहर नहीं निकलता था। आनंदीबेन ने कुंभकर्ण को 'टेक्नोक्रेट' कहा। अब संघ, भाजपा और सनातन धर्म के तमाम रक्षकों के सामने उलझाने वाला सवाल यह है कि टेक्नोक्रेट कुंभकर्ण को हर साल दशहरे पर रावण के साथ जलाने की व्याख्या कैसे की जाए। क्या यह माना जाए कि इस तरह हम अपनी वैज्ञानिक चेतना और सोच को दहन करते जा रहे हैं। क्या यही वजह है कि प्रधानमंत्री गणेशजी की प्लास्टिक सर्जरी का दावा करें और आनंदीबेन पटेल राइट ब्रदर्स को हवाई जहाज बनाने और उड़ाने का श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाएं।

खैर, फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।

# धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन?

■ राधा रमण

मणिपुर में हिसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अब तक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आम लोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी।

> मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया।

इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं।

मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया।

तब से लेकर आज तक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की मांग की। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की।

मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की मांग की। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि उसी दिन जिरीबाम से दो महिलाओं समेत 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया। इसमें एक महिला जो तीन बच्चों की मां थी, सामूहिक दरिंदगी कर उसके शरीर में कीलें ठोंक दी गई और उसके शरीर को आग के हवाले कर दिया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाले इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं।

केंद्र सरकार ने मणिपुर के पांच जिलों इंफाल पूर्व और पश्चिम, थोबल, विष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है।

मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

उधर, मणिपुर सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राज्य से अफस्पा हटाने की मांग की है। देखना जरूरी होगा कि मणिपुर पर केंद्र सरकार आगे क्या कदम उठाती है। फिलहाल तो मणिपुर धधक रहा है और प्रधानमंत्री नाइजीरिया का सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### सम-विषम : सफल प्रयोग, आगे क्या?

*प्रदूषण के दैत्य से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल को दीर्घकालीन व स्थायी उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। सच तो यह है कि यह समस्या न तो सिर्फ श्री केजरीवाल की है और न सिर्फ दिल्लीवासियों की। भारत सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों की सरकारों व सभी पार्टियों को इस बारे में मिल-बैठ कर सोचने की आवश्यकता है। सत्तारूढ़ भाजपा व प्रमुख विपक्ष कांग्रेस पर तो इसका मुख्य दायित्व तो है ही; समस्या के वैज्ञानिक व तकनीकी पक्ष को समझने वाले विशेषज्ञों को भी विचार और निर्णय की प्रक्रिया में शामिल करने से ही आगे का रास्ता निकलेगा। एक उदाहरण दिया जा सकता है। दिल्ली में ही प्रदूषण कम करने के लिए बसों में डीजल की जगह सीएनजी उपयोग करने हेतु सीएसई ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। इसका लाभ लंबे समय तक दिल्ली को मिला। दिल्ली साइंस फोरम जैसी संस्थाएं भी इस दिशा में निरंतर काम कर रही हैं। प्रोफेसर दिनेश मोहन व सुनीता नारायण जैसे विशेषज्ञों की सेवाएं लेना हर तरह से लाभकारी है।*

*अभी जैसे एक बात उठी कि कार से जितना वायु प्रदूषण होता है उससे कई गुना अधिक सड़कों पर उडने वाली धूल से होता है। बात दुरुस्त है। लेकिन इस बात पर किसी ने गौर नहीं किया कि वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क पर जो घर्षण होता है उससे सीमेंट और डामर के जो कण उड़ते हैं वे ही बड़ी सीमा तक धूल में बदल जाते हैं। आशय यह कि यदि सड़कों पर गाडियां कम हैं तो धूल भी उतनी ही कम उड़ेगी। इसे विस्तारपूर्वक समझना हो तो किसी विशेषज्ञ के पास ही जाना होगा। इसी तरह डीजल की बात है। डीजल वाहनों से धुआं भी अधिक उड़ता है और उससे कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। यूरोप में डीजल कारों के लिए जो पैमाने लागू हैं वे भारत में नहीं हैं। यूरोपीय मानक हासिल करने के लिए क्या करना पड़ेगा, नीति निर्धारकों को यह बात भी समझना होगी।*

**(देशबन्धु में 21 जनवरी 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/01/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रात: 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले- 'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सुरक्षा के साथ संवाद भी अत्यंत महत्वपूर्ण

मणिपुर में 565 दिनों से जारी जातीय हिंसा की आंच शासन तक पहुंच गई है। आंदोलनकारियो ने राज्य में जिस तरह मंत्री और विधायकों के घर आग के हवाले किए हैं उससे हालातो की गंभीरता समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री हिंसा रोकने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। केंद्र सरकार अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज कर हिंसा रोकने का प्रयास तो कर रही है पर बड़ी आवश्यकता संघर्षरत जातीय समुदायों में सामंजस्य बिठाने की है जो विवाद की असली जड़ है। अगर जल्द ही हालात काबू में ना आए तो ही वहां सरकार को संवैधानिक कदम उठाने ही होंगे भले ही राज्य में उसकी सरकार हो।

मणिपुर लगातार अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। कल तक का कुकी-मैतेई जारी संघर्ष अब शासन को भी अपनी चपेट में लेता दिख रहा है। दो दिनों में तीन मंत्रियों सहित नौ विधायकों के घर पर आगजनी और हमले हो चुके हैं। राज्य के हालात बड़े विस्फोटक प्रतीत होते हैं। पुलिस थानों से लूटे हथियार और म्यांमार सीमा से आते शस्त्रों से आंदोलन रक्तरंजित हो चुका है। इस बीच केंद्र सरकार ने बड़ी मात्रा में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती करके स्थिति काबू में लाने की कोशिश की है मगर फिर भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही राज्य में 4000 सीआरपीएफ के जवान की तैनाती के साथ ही 24 घंटे ऑल आउट ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। आज के हालातों के मद्देनजर राज्य में जितनी सख्ती से और जल्द कोई कदम उठाया जाए वह कमतर ही होगा क्योंकि आंदोलन लंबे समय से चल रहा है और प्रदर्शनकारी अपने ठिकाने बना चुके हैं ऐसे में इनको ढूंढ-ढूंढ कर कानून की भाषा समझाना कठिन होगा। जैसे भी हो सरकार राज्य को शांति लौटाने के जल्द प्रयास करें ताकि निर्दोष हत्या, आगजनी का सिलसिला थम सके। यदि फिर भी हालात काबू में न आए तो केंद्र सरकार को बेहिचक संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करना चाहिए भले ही राज्य में उनकी ही सरकार हो। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर जनता की सुरक्षा और उनकी जान माल की रक्षा अहम है।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

### 21 प्रकार की दिव्यांगता के विषय में दी विस्तार से जानकारी

# दिव्यांगता केन्द्रित जनजागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ



**पन्ना, देशबन्धु।** सीआरसी छतरपुर द्वारा जिला पंचायत मीटिंग हॉल पन्ना में बुधवार एक दिवसीय जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने दिव्यांगता विषय पर केन्द्रित कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर पुनर्वास अधिकारी मुकेश कुमार पटेल एवं क्लिनिकल असिस्टेंट प्रीति यादव भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेशनल ट्रस्ट की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना और 21 प्रकार की विभिन्न दिव्यांगताओं के बारे में जागरूक करना था। मुकेश कुमार पटेल द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं और सीआरसी की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इन योजनाओं का लाभ गांव स्तर तक पहुंचाने और दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक है। प्रीति यादव ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, उनके लिए हस्तक्षेप की प्रक्रिया और काउंसलिंग के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 पर भी चर्चा की और प्रतिभागियों के सवालों के उत्तर दिए। जिपं सीईओ संघ प्रिय ने विभिन्न विभागों से दिव्यांगजनों को मिल रहे लाभ और सीआरसी द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित कर इस तरह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों में सजगता दिखाएं तथा अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ मिले, ऐसा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सशक्त बनाने और उन्हें योजनाओं के लाभों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक, डीडीआरसी, एमआरसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एनजीओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर शामिल रहीं।

### वीरांगना के जीवन से सीख लेने की दी प्रेरणा

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मनाई महारानी लक्ष्मीबाई जयंती

**पन्ना, देशबन्धु।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान पन्ना में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बीएड प्राचार्य श्रीमती अंजुलता पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि धीरज सेन द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 19 नवम्बर सन 1828 को काशी के असीघाट, वाराणसी में मोरोपंत तांबे और भागीरथी बाई के घर एक असाधारण बालिका का जन्म हुआ जिसे प्यार से मनु कहा और उसका नाम 'मणिकर्णिका' रखा गया। भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। सच्चा वीर कभी आपत्तियों से नहीं घबराता है। प्रलोभन उसे कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सकते। उसका लक्ष्य उदार और उच्च होता है। उसका चरित्र अनुकरणीय होता है। अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं वीरांगना लक्ष्मीबाई थी। उनकी जयंती मनाई गई तथा उपस्थित अतिथियों नें महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और साहस का विस्तार से वर्णन किया। रानी लक्ष्मी बाई जयंती के उपलक्ष में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

## पुरानी रंजिश पर भिड़े पड़ोसी

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत सांई सिटी कॉलोनी में मां-बेटे के साथ पुरानी रंजिश पर पड़ोसी परिवार ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रामकुमारी पत्नि मनीराम रजक निवासी साई सिटी कालोनी मालपुर रोड ने अपने लड़के रविन्द्र रजक, गीता कुशवाह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह और गीता कुशवाह पड़ोसी हैं। उनके सामने रहने वाला राकेश कलावत व उसकी पत्नि सुशीला, लक्ष्मी बेवजह हम लोगों को गाली गलोच करते रहते हैं। लेकिन हम कुछ नहीं बोलते। गत सुबह राकेश कलावत, राजू सेन ने उसके साथ गाली गलौंच कर डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जिससे उनकी आंख से खून निकलने लगा। बीच बचाव करने आए उनके लड़के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### छात्र-छात्राओं को दी जानकारियां, विधायक भी रहे मौजूद

# महारानी लक्ष्मी बाई जयंती पर यातायात विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित

पन्ना, देशबन्धु। वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती के अवसर पर यातायात विभाग द्वारा स्थानीय टाउन हाल में यातायात नियमों के पालन के संबंध में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर नियम पालन करने की अपील की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार नें उपस्थित अतिथियों तथा छात्र छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसका मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यदि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करेगें, तो दुर्घटनाएं निश्चित रूप से कम होंगी, तथा वाहन चालक एवं उसमें बैठने वाले सभी लोग सुरक्षित रहेंगे। विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वाहनों को तेज गति से नहीं चलाना चाहीए, क्योंकि कुछ ही समय बचाने के चक्कर में बड़ी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। जिसकी भारपाई जिन्दगी भर नहीं हो पाती है। इस दौरान अनेक जनप्रतिनिधि, यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# बमोरी सोसाइटी को सील कर समिति प्रबंधक बमोरी को किया निलंबित

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा बुधवार को बमोरी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने डबल लॉक खाद्य वितरण केंद्र बागेरी का औचक निरीक्षण कर किसानों से चर्चा कर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लेकर खाद वितरण की जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि अभी एक मशीन से खाद बंट रहा हैं। कलेक्टर द्वारा मौके पर ही निर्देश दिए कि अब दो मशीन द्वारा यहां खाद वितरण कराएं। इस दौरान मौके पर उपस्थित किसानों की भीड़ की लाइन बनवाकर लगभग 125 किसानों को टोकन वितरित कराये गए। जिन्हें कल इसी केंद्र से खाद वितरण कह व्यवस्था कराई जावेगी। कलेक्टर द्वार भ्रमण के दौरान बमोरी की उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीडीएस के चावल, गेहूं, नमक वितरण का जायजा लिया और उपस्थित उपभोक्ताओं से राशन वितरण से जानकारी ली गयी। उपभोक्ता ने बताया कि हमें चावल और गेहूं मिल गए हैं। जिसे हम अपनी मोटरसाइकिल पर रखकर घर ले जा रहे हैं।

**बमोरी सोसाइटी को कराया सील एवं समिति प्रबंधक राजेन्द्र हरिओम को किया निलंबित :** इसके बाद कलेक्टर द्वारा बमोरी सोसाइटी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा की गई। सोसाइटी पर अनाधिकृत रूप से एक व्यक्ति द्वारा सोसाइटी पर ऑपरेटर कार्य किया जा रहा था, जिसके द्वारा एक किसान को जो वितरण पर्ची दी गई थी, उसमें खाद प्राप्ति का स्पष्ट उल्लेख नही पाया गया। खाद की मात्रा में अंतर पाया गया।

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग रखी गई राशि

# नवीन विद्युत कनेक्शन के लिए नई निर्धारित शुल्क

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड पन्ना संभाग कार्यालय द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को नवीन विद्युत कनेक्शन की निर्धारित राशि के संबंध में सूचित किया गया है। कार्यपालन यंत्री अमितेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओं सहित औद्योगिक, कृषि एवं अन्य प्रयोजनों के लिए आठ-आठ श्रेणियों में नवीन विद्युत कनेक्शन के लिए पृथक-पृथक राशि निर्धारित है।

## शहरी क्षेत्र के लिए निर्धारित राशि

शहरी क्षेत्र के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं हेतु एक किलोवॉट नवीन सिंगल फेज कनेक्शन के लिए 2 हजार 807 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 5 हजार 609 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 9 हजार 623 रुपए निर्धारित है। इसी तरह गैर घरेलू एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 3 हजार 495 रुपए, 3 किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 7 हजार 675 रुपए एवं तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 12 हजार 226 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। औद्योगिक उपभोक्ता श्रेणी में एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 3 हजार 996 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 8 हजार 176 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 12 हजार 226 रुपए निर्धारित है, जबकि वॉटर वर्क्स के उद्देश्य से एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 7 हजार 569 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 13 हजार 985 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 15 हजार 568 रुपए, स्ट्रीट लाइट प्रयोजन हेतु एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 5 हजार 103 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 11 हजार 495 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 15 हजार 533 रुपए निर्धारित है।

कृषि क्षेत्र में गैर मीटर नवीन कनेक्शन हेतु एक हॉर्स पॉवर के नवीन कनेक्शन के लिए 3 हजार 651 रुपए, तीन हॉर्स पॉवर के लिए 4 हजार 51 रुपए और चार हॉर्स पॉवर के लिए 4 हजार 251 रुपए निर्धारित किया गया है। कृषि क्षेत्र में मीटर सहित एक हॉर्स पॉवर सिंगल फेज के लिए कनेक्शन का निर्धारित शुल्क 4 हजार 622 रुपए, तीन हॉर्स पॉवर सिंगल फेज के लिए 5 हजार 422 रुपए तथा तीन हॉर्स पॉवर 3 फेज के लिए 6 हजार 764 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। ईव्ही चार्जिंग उपभोक्ता श्रेणी के लिए भी पृथक से नवीन कनेक्शन की राशि निर्धारित की गई है। एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 6 हजार 451 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 10 हजार 631 रुपए तथा तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 12 हजार 226 रुपए निर्धारित है।

## ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित राशि

ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक किलोवॉट सिंगल फेज कनेक्शन के लिए 2 हजार 307 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 4 हजार 109 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 8 हजार 123 रुपए निर्धारित है। इसी तरह गैर घरेलू एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 2 हजार 745 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 5 हजार 425 रुपए एवं तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 9 हजार 976 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। औद्योगिक उपभोक्ता श्रेणी में एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 3 हजार 246 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 5 हजार 926 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 9 हजार 976 रुपए निर्धारित है, जबकि वॉटर वर्क्स के उद्देश्य से एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 6 हजार 24 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 9 हजार 350 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 10 हजार 933 रुपए, स्ट्रीट लाइट हेतु एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 6 हजार 12 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 9 हजार 314 रुपए और तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 10 हजार 898 रुपए निर्धारित है।

कृषि क्षेत्र में गैर मीटर नवीन कनेक्शन हेतु एक हॉर्स पॉवर कनेक्शन के लिए 3 हजार 651 रुपए, तीन हॉर्स पॉवर के लिए 4 हजार 51 रुपए और चार हॉर्स पॉवर के लिए 4 हजार 251 रुपए निर्धारित किया गया है। कृषि क्षेत्र में मीटर सहित एक हॉर्स पॉवर सिंगल फेज के लिए कनेक्शन का निर्धारित शुल्क 4 हजार 622 रुपए, तीन हॉर्स पॉवर सिंगल फेज के लिए 5 हजार 422 रुपए तथा तीन हॉर्स पॉवर 3 फेज के लिए 6 हजार 764 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। ईव्ही चार्जिंग उपभोक्ता श्रेणी हेतु एक किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 5 हजार 701 रुपए, तीन किलोवॉट सिंगल फेज के लिए 8 हजार 381 रुपए तथा तीन किलोवॉट 3 फेज के लिए 9 हजार 976 रुपए की राशि निर्धारित है।

# युवक को बंधक बनाकर की मारपीट, मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत देवेन्द्र सिंह की कोठी के निकट एक युवक और उसके साथी की तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पहले आरोपियों ने युवक को बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया। यहां आरोपी युवक द्वारा उसकी बहन की शादी आरोपी से कराने का दबाव बनाया। जब युवक ने मना किया तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ललित कुशवाह पिता संतोष कुशवाह निवासी कोल्हूपुरा शिवाजी नगर ने अपने अमन कुशवाह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात उसके पास बलबीर कुशवाह का फोन आया कि हनुमान चौराहा पर आ जा। जिस पर वह अपने दोस्त अमन कुशवाह के साथ हनुमान चौराहा पर पहुंच। जहां हमे बलबीर कुशवाह मिला और बोला कि आज बर्थडे है मेरे साथ चलो हम सब देवेन्द्र सिह की कोठी के सामने वाले रामपाल यादव के मकान में बर्थडे मनाएंगे। जिस पर वह दोनों वहां चले गए।

यहां उसे नरेन्द्र कुशवाह पिता कोमल कुशवाह निवासी रन्नौद एवं गगन पिता शिवेन्द्र रघुवंशी निवासी इंदार के मिले। इस दौरान बलबीर कुशवाह उससे बोला कि तेरी बहन की शादी मुझसे करा दे। जिस पर वह बोला कि मेरे घर वाले जहां करेंगे वही होगी।

इसी बात पर से बलबीर कुशवाह, नरेन्द्र कुशवाह व गगन रघुवंशी तीनों ने उसे तथा उसके दोस्त अमन को कमरे में बन्द कर लिया और मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें पूरी रात और अगले दिन शाम 5 बजे छोड़ा। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।


## कार्यालय नगर परिषद् बिलहरा, जिला सागर (म.प्र.)

E-Mail-cmobilhara@mpurban.gov.in

क्रमांक/1999/न.प./2024 बिलहरा दिनांक 19.11.2024

**ऑनलाईन निविदा**

नगर परिषद बिलहरा के द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन परसेंटेज रेट पर निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_383180_1 | नगर परिषद बिलहरा अंतर्गत वार्ड क्र. 13 टेकापार तिराहे पर स्वागत गेट निर्माण कार्य। प्राक्कलन राशि:- 6,15,822/-<br>नगर परिषद बिलहरा अंतर्गत वार्ड क्र.13 टेकापार में तिराहे पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य प्राक्कलन राशि:- 2,28,886 /- | 8,44,708/- | 8,450/- | 3 माह | 2,000/- | सक्षम श्रेणी |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 20.11.2024 समय सुबह 10.30 से दिनांक 06.12.2024 समय शाम 05.30 तक सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय एव जमा किये जा सकते है। 2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर जाकर देखी जा सकती है। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद बिलहरा जिला सागर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बिलहरा जिला सागर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2024-25/1023 रहली दिनांक 20.11.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत 'म.प्र. लोक निर्माण विभाग' में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आई.एस.आर. 02.08.2021 के एस.ओ.आर. से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_383359_1 21.11.2024 | सिविल कोर्ट रहली परिसर में एडवोकेट हॉल निर्माण कार्य | 1- 08 माह<br>2- 9.49 लाख | 1- 2000.00<br>2- 9500.00 | 07.12.2024 |
| 2. | 2024_UAD_383361_1 21.11.2024 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में आँगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य | 1- 08 माह<br>2- 33.74 लाख | 1- 5000.00<br>2- 26000.00 | 24.12.2024 |

**नोट:-**

निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**( देवराज सोनी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद रहली**
**जिला सागर**


### आपस में मिलकर सुलझेंगे अदालतों में चल रहे मामले

# नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई आवश्यक बैठक



पन्ना, देशबन्धु। नेशनल लोक अदालत का आयोजन समस्त न्यायालयों में 14 दिसम्बर को किया जाएगा। इसमें आपसी राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण होगा। लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए बुधवार को जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार द्वारा जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन के सभाकक्ष में संबंधित विभाग प्रमुख और बैंक अधिकारियों के साथ प्रि-सिटिंग बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश द्वारा अधिकारियों को लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर शमनीय योग्य अधिकाधिक प्रकरण रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक अधिकारियों को समयावधि में पक्षकारों को नोटिस प्रेषित करने और संपर्क स्थापित कर लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण पर होने वाले लाभ की जानकारी पक्षकारों को देने के संबंध में प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा सभी विभाग प्रमुखों को अपने स्तर पर आमजन तथा संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लाभ से अवगत कराने तथा आवश्यक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, कार्यपालन यंत्री विद्युत अमितेश मिश्रा, जिला पंजीयक आरपी अहिरवार, बीएसएनएल कार्यालय से प्रेमनारायण मिश्रा सहित बैंक प्रबंधक और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलहरा तहसील जैसीनगर जिला - सागर (म.प्र.)**

क्रमांक- प्रवा.तह. / 585/2024 जैसीनगर दिनांक 19.11.2024

राजस्व प्रकरण क्रमांक- .......बी / 121 वर्ष 2024-25

ग्राम चारटोरिया- प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. बिलहरा

**आम सूचना**

1. डॉ. ममता तिमौरी, पता CMHO चारटोरिया तहसील जैसीनगर जिला सागर

**बनाम**

1. मध्यप्रदेश शासन

जरिये आम सूचना पत्र के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. ममता तिमौरी पता CMHO चारटोरिया तहसील जैसीनगर जिला सागर के ग्राम चारटोरिया भूमि सर्वे नं. 425 रकवा 1.60 हे. भूमि राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरण भूमि / आवंटन / नजूल भूमि का स्थायी पट्टा स्वयं अथवा संस्था के नाम से चाहा गया है। संस्था / विभाग द्वारा तहसील जैसीनगर में वृत्त बिलहरा के ग्राम चारटोरिया में भूमि आंवटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सागर समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण श्रीमान कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण श्रीमान कलेक्टर महोदय सागर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0058 / अ-20 (3) / 2023-24 की आदेश अनुवृत्ति दिनांक 16.08.2023 के माध्यम से श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय सागर को प्राप्त हुआ। श्रीमान अनुविभागीय सागर के राजस्व प्रकरण कमांक 0031/अ-20 (3) / 2023-24 की आदेश अनुवृत्ति दिनांक 24.08.2023 के द्वारा जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को भेजा गया। प्रकरण में म.प्र. शासन के राजस्व विभाग की अधिसूचना कमांक एफ-6-75 / 2019 / साम-षा.3 भोपाल दिनांक 24.09.2020 जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र में दिनांक 24.09.2020 को प्रकाशित द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार क्रमांक 1 मध्यप्रदेश नजूल भूमि निवर्तन 2020 लागू होने से शासन के निर्देशानुसार नियमानुसार जांच कर जमीन उपलब्ध कराये जाने का लेख किया गया है। श्रीमान के द्वारा ग्राम चारटोरिया में उक्त भूमि आरक्षित करने का प्रस्ताव तैयार कर उचित माध्य से शीघ्र भेजने हेतु प्राप्त हुआ है।

इसलिए समाचार पत्र के माध्यम से आप अनावेदकगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त प्रस्ताव में कोई आपत्ति है तो आप पेशी दिनांक **28.11.2024** को स्वयं अथवा किसी मान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत करे।

आज दिनांक 19.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी। पेशी दिनांक- **28.11.2024,** जारी दिनांक-19.11.2024

**जी-19224/24**

**नायब तहसीलदार बिलहरा**
**तहसील जैसीनगर जिला सागर**



## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840 ई-मेल आईडी - eepwdsagar@mp.nic.in

एनआईटी नं.04/2024/25 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक 18.11.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) रुपये में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB_382595_1 | बेढी से शाहपुर वाया लोधन पुरवा मार्ग निर्माण कार्य. लं. 4.90 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित | छतरपुर | 526.21 | 526210/- | 20000/- | 08 माह |
| 2 | 2024_PWDRB_382596_1 | नाद तिगैला से तिलियन नीवी खेडा वाया खडेही मार्ग निर्माण कार्य लं. 5.90 किमी | छतरपुर | 630.58 | 630580/- | 20000/- | 08 माह |
| 3 | 2024_PWDRB_382597_1 | बमनौरा से दतलापाहड के नीचे से महिरवार घोश रोड निर्माण कार्य लंबाई 6.00 कि.मी. | छतरपुर | 595.58 | 595580/- | 20000/- | 08 माह |
| 4 | 2024_PWDRB_382598_1 | ग्राम सुनाटी मुख्य मार्ग से नये घर मचा तक मार्ग लं. 3.31 कि.मी. एवं झिकमउ से नहर होते हुए दीवान जू का पुरवा तक सड़क निर्माण लं. 2.65 कि.मी. कुल लं.5.96 कि.मी. | छतरपुर | 636.93 | 636930/- | 20000/- | 08 माह |
| | | योग | | 2389.30 | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 18.11.2024 समय 17.30 बजे से दिनांक 02.12.2024 समय 17.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**जी-19203/24**

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

# दलित दूल्हे की राछ निकलवाने पुलिस ने दिया पहरा

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पहुंची टीम की मौजूदगी में विवाह की रस्में कराई गई पूरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हटा गांव में पुलिस के पहरे में शादी का मामला सामने आया है। पुलिस की मौजूदगी में गाजे-बाजे के साथ दलित दूल्हे की घोड़ी पर राछ निकाली गई। इसके पहले दूल्हे के दोस्त ने पुलिस को आवेदन देकर शादी में सुरक्षा की मांग की थी। उल्लेखित है कि 18 नवंबर को हटा ग्राम पंचायत में जितेंद्र अहिरवार की शादी होनी थी। बुंदेलखंड में बारात जाने से पहले गांव में राछ निकालने की परंपरा है, जिसमें दूल्हा घोड़ी पर बैठकर पूरे गांव में घूमता है। जितेंद्र अहिरवार ने बताया कि पहले कभी गांव में दलित समाज के दूल्हे की राछ नहीं निकाली गई। उन्हें इस बात को लेकर डर था। जितेंद्र अहिरवार के दोस्त ह्देश कुशवाहा ने बताया कि हटा गांव में इसके पहले कभी भी दलित दूल्हे की राछ नहीं निकाली गई थी। इसी बात से जितेंद्र के मन में डर था। दोस्त की मदद करने के लिए पुलिस को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की थी। पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्वक तरीके से राछ निकाली गई और विवाह संपन्न हुआ। सब इंस्पेक्टर मयंक नगाइच ने बताया कि एसपी के निर्देश पर हटा गांव में पुलिस टीम भेजी गई थी। पुलिस की मौजूदगी में विवाह की रस्में पूरी कराई गईं।

### सामाजिक डर के कारण घोड़ी वाले ने एडवांस किया वापस

राछ के लिए घोड़ीवाले को एडवांस भुगतान किया था। उसने सामाजिक डर के कारण एडवांस वापस कर दिया था। यह बात उन्होंने अपने मित्र ह्देश कुशवाहा को बताई। ह्देश ने पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए बलदेवगढ़ थाना प्रभारी और एसपी को आवेदन दिया। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बल्देवगढ़ पुलिस को सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सोमवार को हटा गांव पहुंची पुलिस टीम के पहरे में जितेंद्र अहिरवार की गांव में राछ निकाल कर विवाह संपन्न कराया गया।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाया जा रहा सघन वाहन चेकिंग अभियान

# पुलिस ने 58 वाहनों का चालान करके वसूले 20 हजार 8सौ रुपए



**टीकमगढ़,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के थाना चौकियों अंतर्गत यातायात नियमों के पालन कराने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने हेतु मुख्य मार्गों एवं सीमांत क्षेत्रों में सघन वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, अनुबिभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा बीते मंगलवार को सघन वाहन चेकिंग कर 58 वाहनों पर बिना हेलमेट, अवैध हूटर, काली फिल्म, बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर होने पर चालानी कार्रवाई कर 20 हजार 800 रूपए का समन शुल्क बसूला गया एवं हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट बांधने, नंबर प्लेट लगाने, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करने, काली फिल्म न करने व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु समझाया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा यातायात दुर्घटनाओं में दुर्घटना ग्रस्त चालक/व्यक्ति की मदद करने हेतु चलाई जा रही गुड सेमरिटन योजना से आमजन को जागरूक कराया जा रहा है ताकि आमजन में दुर्घटनाग्रस्त की मदद करने के प्रति जागरूकता आए।

# रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने निकाली शोभायात्रा



**जतारा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर नगर जतारा में भव्य शोभायात्रा एवं छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया। स्त्री शक्ति दिवस के रूप में रानी लक्ष्मीबाई जयंती बड़े ही भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शोभायात्रा शासकीय महाविद्यालय जतारा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां पर छात्रा सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से जनपद अध्यक्ष रेखा महेश यादव, वरिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रोफेसर लीला किथुरीया एवं प्रोफेसर मृदुल स्वर्णकार शामिल हुई। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री विनीत तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है। छात्रों को नेतृत्व प्रदान करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि सुनील बंटू शर्मा, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेशअहिरवार, जनपद सदस्य आजेंद्र दांगी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंशुमन चौरसिया, विद्यार्थी परिषद के भाग संयोजक कपिल प्रजापति, नगर अध्यक्ष जयेन्द्र चन्द्रवार, पूर्व कार्यकर्ता पियूष साहू एवं सैकड़ो की संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बड़ा गांव थाना क्षेत्र के ककरवाहा गांव की घटना

# बोरिंग कराने के विवाद पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के ककरवाहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में दो लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुधवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बड़ागांव थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को थाने में ककरवाहा निवासी सुबेर लोधी ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनके खेत के पास सत्यव्रत, मधुकर और सुजान बुन्देला पानी के लिए बोरिंग करवा रहे थे। उन्होंने बोरिंग के लिए मना किया तो तीनों गाली-गलौज करने लगे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान वे लोग जबरन बोरिंग करवाने लगे। सुबेर सिंह ने मना किया तो सत्यव्रत ने अपने साथियों के साथ लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे सुबेर के पिता इमरत लोधी के साथ भी मारपीट की गई। घटना में इमरत लोधी और उनकी पत्नी को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव भेजा। देर रात पुलिस ने सत्यव्रत बुंदेला, मधुकर बुंदेला, सुजान बुंदेला और एक अन्य के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्र छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन के मार्गदर्शन में बुधवार को जवाहर नवोदय विद्यालय कुंडेश्वर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 675 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ शांतनु दीक्षित, मेडीकल ऑफीसर अस्तौन डॉ.वरूण खरे, डॉ विकास जैन सहित जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# खेती की जमीन पर कब्जा कर महिला को दी धमकी, कार्रवाई करने की रखी मांग



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरोई की महिला ने बुधवार की शाम को थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया है। पीड़ित महिला पार्वती घोष निवासी खरोई ने पुलिस थाने में आकर बताया है कि पीड़ित महिला की खेती की जमीन ग्राम खरोई में स्थित है। वहां पर अनावेदक चंद्रभान घोष निवासी खरोई उस जमीन पर कब्जा किए हुए हैं, जिसका प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। इसी बात पर अनावेदक पीड़ित महिला के साथ लड़ाई झगड़ा करते हैं, जान से मारने की धमकी देते है और फर्जी केस में फंसाने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया है कि अनावेदक चंद्रभान के साथ उनके परिजन बृजलाल, बबलू व करन घोष अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, जिनसे पीड़ित महिला व उसके परिजनों को जान का खतरा है और कभी भी कोई घटना हो सकती है। पीड़ित महिला ने दिगौड़ा थाना प्रभारी को आवेदन दिया है और कार्रवाई करने की मांग की है।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

## एक अन्य युवक और युवती घायल, अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** खरगापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुटेर शिवनगर के पास खरगापुर-पलेरा रोड पर मोटरसाइकिल और अज्ञात चार पहिया वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवा सहित एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल से झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। झांसी ले जाते वक्त घायल कृष्णकांत लोधी की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़ीला निवासी 26 वर्षीय कृष्णकांत लोधी, महीप लोधी और युवती सुनीता पलेरा से कुड़ीला आ रहे थे। पलेरा से कुड़ीला आते समय खरगापुर से पलेरा की ओर जा रहे अज्ञात चार पहिया वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। चार पहिया वाहन मौके से भाग निकला। खरगापुर पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# बिजली कंपनी की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

## अवैध रुप से चल रहे 5 मोटरपंपों सहित पाइप जब्त



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** बिजली वितरण केंद्र द्वारा बिजली मोटरपंपो को चलाने के लिए स्थायी व अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने के लिए एवं बिना बिजली कनेक्शन के अवैध रूप से चल रहे मोटरपंपो पर कार्रवाई करने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को बिजली कंपनी दिगौड़ा द्वारा बिजरावन मुख्यालय के अंतर्गत अवैध रूप से चल रहे 5 मोटरपंपो व साटा पाइप को जप्त किया गया है। कनिष्ठ अभियंता राजीव शुक्ला ने बताया है कि बिजली वितरण केंद्र के अंतर्गत बिना बिजली कनेक्शन लेकर अवैध तरीके से चलाए जा रहे बिजली मोटरपंपो को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार को बिजरावन मुख्यालय के सेवा हार में बिना कनेक्शन व अस्थायी बिजली कनेक्शन लिए ब्रजलाल केवट, छोटे अहिरवार, नीरज लोधी, रामचरन लोधी व कैलाश पाल के 5 मोटरपंपो व प्लास्टिक के साटा पाइप को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बिजली वितरण केंद्र दिगौड़ा की इस कार्रवाई में कनिष्ठ अभियंता राजीव शुक्ला व बिजली कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

# शालाओं का शेष कार्य 30 नवंबर तक आवश्यक रुप से करने के दिए निर्देश

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जतारा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आर के पस्तोर के मार्गदर्शन अनुसार प्राचार्य कन्या उमावि जतारा डीके जैन की अध्यक्षता एवं अवधेश शुक्ला जिला अकादमिक समन्वयक टीकमगढ़ संजय अवस्थी, बलराम चतुर्वेदी जिला सह समन्वयक साक्षरता के मुख्य आतिथ्य एवं हामिद खान एकेडमिक समन्वयक विकासखंड जतारा तथा राकेश साहू सहसमन्वयक विकासखंड जतारा की उपस्थिति में किया गया। बैठक में शालावार असाक्षरों के सर्वे, ऑनलाइन फीडिंग, सामाजिक चेतना केंद्र एवं अध्ययन केंद्र संचालन, असाक्षरो के अध्यापन, अंक सूची वितरण एवं नेस परीक्षा के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई तथा जिन शालाओं का कार्य शेष है उनको 30 नवंबर तक आवश्यक रूप से कार्य पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया। सहसमन्वयक छोटेलाल अहिरवार लिधौरा, राकेश रैकवार अचर्रा, मिथिलेश रैकवार चंदेरा, मोहनलाल खटीक बालक जतारा, अशोक साहू वैरवार एवं बलराम विश्वकर्मा कन्या जतारा को क्षेत्र भ्रमण कर जन शिक्षकों के समन्वित



सहयोग से कार्य पूर्ण कारवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चार जन शिक्षा केंद्रों बालक उमावि जतारा, कन्या उमावि जतारा, हाई स्कूल बैरवार एवं उमावि चंदेरा अंतर्गत समस्त हायर सेकेंडरी,हाई स्कूल माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूलों के प्राचार्य प्रधानाध्यापक प्रभारी, जन शिक्षक, सहसमन्वयक एवं अक्षरसाथी उपस्थित रहे।

# दिनभर बिजली सप्लाई न होने से बढ़ी मुश्किलें

▸ रोजमर्रा के काम हुए प्रभावित, पानी के लिए बहा पसीना

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** बुधवार को सुबह से शाम तक लाइट गोल होने के चलते लोगों के रोज के जरूरी काम प्रभावित हुए। लाइट न होने से न चक्की चली न कंप्यूटर न फोटो कॉपी मशीन चली। पानी सप्लाई न होने से आमजनों के साथ-साथ शासकीय काम भी प्रभावित हुए। जानकारी लेने पर पता चला कि ग्राम धनगौर के पास 33 केवी एबी स्विच के पास तार टूटने से सप्लाई बंद रही। वहीं शाम 7 बजे के करीब लाइट आई परंतु दस मिनट बाद ही लाइट जाने से लोग नाराज दिखे और यह कहते देखे गए कि महीनों से विद्युत वितरण कंपनी का यही रवैया है जिसके चलते लोग परेशान होते हैं। विद्युत विभाग बिल अपनी मर्जी से वसूलता है उसमें कोई सुनवाई नहीं होती पर लाइट दिन भर आती जाती रहती है। इस पर विद्युत कर्मी कोई ध्यान नहीं देते अब तो लोग एई पर ही आरोप लगाने लगे हैं और यह कहते नजर आते हैं कि जब से फरीद अंसारी तेंदूखेड़ा में पदस्थ हुए तभी से ज्यादा लाइट गोल होती है। ज्ञात हो कि तेंदूखेड़ा में जेई और एई का चार्ज फरीद अंसारी ही एक वर्ष से संभाल रहे हैं। जिसके चलते भी लोगों को बिजली की परेशानी झेलनी पड़ती है। समाचार लिखें जाने तक नगर की लाइट बंद थी।

### इनका कहना है

33 केवी लाइन सुधर गई थी पर बैटरी ब्लास्ट हो गई। जिसके चलते लाइट गोल है।

**फरीद अंसारी, प्रभारी एई पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी तेंदूखेड़ा**

# जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



## शाम को साढ़े चार बजे से कर्मचारियों और पेंशनरों की होगी जनसुनवाई

**दमोह, देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम तेन्दूखेड़ा अविनाश रावत एवं डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारीगण और अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर कोचर ने कहा शासकीय कर्मचारी संगठन हैं, वह लोग शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों के हितों के लिए लगातार काम करते रहते हैं। जो शासन के निर्देश हैं उसके अनुसार विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हर तीन महीने में कम से कम एक बार होनी चाहिए। इसलिए यह परंपरा निर्मित करने का प्रयास किया है कि लगातार हर तीन महीने में हमारे यहां बैठक हो जाए। इसी सिलसिले में बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्टर कोचर ने कहा कई सारे अच्छे सुझाव इस बैठक में प्राप्त हुए हैं। उन सब का हम परिपालन सुनिश्चित कराएंगे। इस दौरान शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं। उन शिकायतों की जांच के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में भी यह किया गया है कि शाम 4:30 बजे से सरकारी कर्मचारी, अधिकारी और पेंशनर्स के लिए जनसुनवाई रखी गई है। जितने सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और पेंशनर्स हैं वह अपनी व्यक्तिगत शिकायतें बता सकते हैं। हम उनके निराकरण का हर संभव प्रयास करेंगे। इसके साथ ही, इसी महीने पेंशनर एसोसिएशन के साथ एक अलग बैठक करने जा रहे हैं ताकि उनकी समस्याओं के बारे में भी पता चल सके और उसका भी निराकरण हो सके।

# बेटे के हत्यारों को सजा दिलाने कलेक्टर के पैरों में गिरी महिला



**दमोह, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में दमोह जिले के बटियागढ़ थाना के गंज बरखेरा गांव से आई एक महिला ने कलेक्टर के पैर में गिरकर बेटे के हत्यारों पर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई। अचानक से महिला कलेक्टर के पैर में गिरी तो वह भी हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने महिला की बात को गंभीरता से सुना।

## बाइक समेत पेड़ से टकराए युवक की हालत गंभीर



**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा जनपद क्षेत्र अंतर्गत पेड़ से बाइक टकरा जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार संजय राज पिता गोरेलाल निवासी रहली बुधवार को बाइक से जा रहा था तभी बम्होरी ग्राम के पास पेड़ से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 100 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर उसे जबलपुर मेडिकल रैफर कर दिया गया है।

# विधिक जागरूकता शिविर में कामकाजी महिलाओं के अधिकार बताए

## साइबर क्राइम के प्रति छात्र-छात्राओं को दीं कानूनी जानकारियां



**दमोह, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में शिशु मंदिर स्कूल में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 एवं महिला व बच्चों के अधिकार के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या रामटेके, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, असिस्टेंट लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल ऋचा त्रिपाठी, प्राचार्य राजीव कुमार तिवारी सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह दिव्या रामटेके ने छात्रों को कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एक्ट कामकाजी महिलाओं के लिए बनाया गया हैं। उनके साथ कार्यस्थल पर कोई लैंगिक उत्पीड़न होने की दशा में आंतरिक शिकायत समिति एवं स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकती हैं। इन समितियों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया विधिक रूप से साक्षर होना प्रत्येक नागरिक को आवश्यक है इसके अभाव में नागरिक अपराध कर बैठते हैं। उन्होंने बाल अपराधों के संबंध में कहा कि दिनों-दिन बालकों के साथ अपराध बढ़ रहे हैं। बालकों को अपने साथ घटित होने वाले अपराधों को जानना व समझना चाहिए। उन्होंने साईबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी इंटरनेट या सोशल मीडिया पर न रखें अन्यथा कोई इसका दुरूपयोग कर सकता है। यदि आपके साथ साईबर क्राइम होता है तो इसकी जानकारी साइबर सेल को जरूर दें जिससे अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने मोटर दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# सिविल अस्पताल में अनियमित्ताओं को लेकर पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



दमोह/हटा देशबन्धु। सिविल अस्पताल हटा में पदस्थ डाक्टरों द्वारा लगातार अनियमिताएं की जा रही हैं। जो भी यहां की कमियों को उजागर करता है। उन पर मामले दर्ज कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार की सुबह पत्रकार आकिब खान सिविल अस्पताल हटा पहुंचे तो वहां पर ड्यूटी रोस्टर में सात डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन मौके पर सिर्फ पांच डॉक्टर ही मौजूद होने पर जैसे ही ओपीडी कक्ष की फोटो ली तो डॉक्टर भड़क गए और अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगे। इसके बाद अस्पताल में जमकर हंगामा किया घटना से आहत हटा पत्रकार संघ ने एक ज्ञापन कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सौंपा। जिसमें उल्लेख किया कि हटा अस्पताल में जैसे ही डाक्टरों का रोस्टर जिला अस्पताल से बनना शुरू हुआ तो डाक्टरों ने छुट्टी ले ली। छुट्टी पर डॉक्टर होने से रोस्टर प्रणाली गड़बड़ा गई है। डॉक्टर अपनी मर्जी से पुन: ड्यूटी करने लगे हैं। जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही डॉ. विदेश शर्मा की पुन: नाइट ड्यूटी लगाई जा रही है। वह अपनी ड्यूटी पर नहीं आते हैं। वह अपनी मनमर्जी पर उतारू हैं। उनसे कोई सवाल करता है तो वह भड़क जाते हैं और मारपीट करने की धमकी देने लगते हैं। आपको बता दे कि डॉ. विदेश शर्मा और उनके भाई ब्रजेश शर्मा दोनों ही हटा सिविल अस्पताल में पदस्थ हैं। इनके द्वारा लगातार मनमर्जी से ड्यूटी की जा रही है। वहीं इनकी कारगुजारियों को जब कोई उजागर करता है तो यह विवाद करने पर आमादा हो जाते हैं। डॉ विदेश शर्मा की ससुराल हटा में ही है और इनके ससुर देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में जेल में बंद हैं। जिस कारण डॉ शर्मा दबंगई दिखाने में माहिर हैं। और आए दिन विवाद करने पर आमादा हो जाते हैं। इस तरह की अनियमित्ताओं की जानकारी कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर कोचर ने सभी बातों को ध्यान से सुना एवं आश्वासन दिया कि में जल्द ही मामले को संज्ञान में लेकर व्यवस्था में सुधार करूंगा।

## लंबे समय से फरार 7 आरोपियों पर 15 हजार का इनाम घोषित, सूचना देने वालों को एसपी देंगे पुरस्कार

दमोह, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 07 प्रकरण में फरार आरोपी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिले के थाना कुम्हारी के अपराध क्रमांक 82/24 धारा 394 भादवि में धारा 299 के तहत फरार आरोपी पप्पू सांई पिता करीम खान निवासी देरी रोड बीड़ी कालोनी छतरपुर पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 255/24 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 176/24 धारा 363, भादवि इजाफा धारा 96,64, 64(2)एम, 65(1)भा.न्या.सं. 3/4, 5 एल/6, 5जे/6, 16/17 पाक्सो एक्ट, 3 (2)5 एससीएसटी एक्ट के तहत फरार आरोपी अनिल अहिरवार निवासी आंजनी की टपरिया थाना बटियागढ़ जिला दमोह एवं बिट्टू रजक निवासी ग्राम बण्डा जिला सागर प्रत्येक पर दो-दो हजार रुपए, अपराध क्रमांक 410/24 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत संदेही आरोपी नीलेश ऊर्फ नीलू रैकवार निवासी ग्राम बक्सवाहा जिला छतरपुर पर दो हजार रुपए, थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 537/24 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत संदेही आरोपी गोलू बाल्मीक निवासी मकरोनिया जिला सागर पर दो हजार रूपये तथा थाना पथरिया के अपराध क्रमांक 110/24 धारा 363 भादवि के तहत संदेही आरोपी प्राशुंल जैन निवासी बांसाकला थाना पथरिया पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त मामलों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी अपहर्त्ता एवं संदेही आरोपी को दस्तयाब करेगा या कराएगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे अपहर्त्ता एवं संदेही आरोपी की दस्तयाबी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# बुंदेलखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने हुआ दो दिवसीय आयोजन



**दमोह, देशबन्धु।** उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था दमोह द्वारा बुंदेलखंडी संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संस्कृति संचालनालय भोपाल मप्र के सहयोग से दो दिवसीय, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन ग्राम अमझिर मड़ियादो में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद संस्था समन्वयक द्वारा आयोजन के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देकर कहा कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं स्थानीय पारंपरिक विधाओं एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा बुंदेली भाषा मे लोकगीत, दीवारी एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। एवं सामाजिक कुरुतियों व नशा मुक्ति उन्मूलन हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामसिंह आदिवासी, केतार आदिवासी, गुलाब, विन्द्रावन, पूनम आदिवासी, मनीषा आदिवासी के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

## फुटकर सब्जी विक्रेताओं को पहुंचाया हॉकर्स जोन

**दमोह, देशबन्धु।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशानुसार नगर पालिका के अमले द्वारा कचौरा बाजार में बाहर रोड के किनारे सब्जी की दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को हटाने का कार्य किया गया। साथ ही उन्हें निश्चित जगह हॉकर्स जोन में बैठने के लिए कहा गया। लगातार कार्रवाई के बाद भी सब्जी विक्रेता रोड पर अपनी दुकान लगा लेते हैं। अगर पुन: वह ऐसा करते हैं तो सामग्री जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही छोटे टीन टपरे जो व्यापारी रोड के किनारे रखे हुए थे उनको भी जब्त किया जाएगा। सीएमओ शर्मा ने सभी व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा है कि दुकान लगाने के लिए जो निश्चित स्थान तय किया गया है, उसी स्थान पर लगाएं जिससे कि आने-जाने वाले राहगीरों को बाधा उत्पन्न ना हो और आप भी व्यवस्थित बैठकर अपना व्यापार कर सकें।

## दुष्कर्म के आरोपी को 72 घंटे में किया गिरफ्तार

**दमोह, देशबन्धु।** श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह तथा एसडीओपी पथरिया थरिया के मार्गदर्शन में थाना एवं साइबर सेल की गठित टीम द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को 72 घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17.11.24 को पीड़िता के आवेदन करने पर थाना बटियागढ़ में आरोपी रूजबान खान के विरूद्ध अपराध धारा 454/2024 धारा 64,64 (2) (एम), 96,331(2),351 (3) बीएनएस, 3/4,5 एल/6 पाक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं अपराधी की गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गई। पुलिस के सतत प्रयास तथा मुखबिर की सूचना से दिनांक 19.11.24 की रात्रि को आरोपी को सदरपुर रोड ग्राम शहजादपुरा से गिरफ्तार किया गया। बुधवार को आरोपी को न्यायालय हटा के समक्ष पेश किया गया।

# सिद्ध चक्र विधान का शोभायात्रा के साथ होगा आज समापन



**दमोह, देशबन्धु।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर मे आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद एवं मुनि सुब्रत सागर महाराज के सानिध्य में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ चल रहा है। विधान के अंतिम दिन बुधवार को 1024 अर्घ्य समर्पित किए गए। गुरुवार को विश्व शांति महायज्ञ उपरांत श्री जी की शोभायात्रा से कार्यक्रम का समापन होगा। दिगंबर जैन धर्मशाला प्रवचन हाल परिसर में स्थापित भव्य समोसारण में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के सातवें दिन भक्ति भाव के साथ 1024 अर्घ्य समर्पित किए गए। तत्पश्चात मुनि सुब्रत सागर ने विधान पूजन प्रारंभ करते हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान की महिमा को बताया।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान सानंद संपन्न होने के साथ गुरुवार को प्रात: 7 बजे से जैन धर्मशाला परिसर में एक साथ 24 शांति धारा मुनि श्री सुब्रत सागर जी महाराज के मुखारविंद से संपन्न होगी। इसके बाद विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा तत्पश्चात 9:30 बजे से श्रीजी की शोभायात्रा सिटी नल से प्रारंभ होगी। जो पुराना थाना, टॉकीज, सराफा, घंटाघर, पलन्दी मंदिर, धगट चौराहा, चौधरी मंदिर बड़ा मंदिर होते हुए सिटी नल पर संपन्न होगी। नन्हे मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला ने सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील सकल जैन समाज से की है।

# स्वदेशी मेले में सातवें दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

▸ उद्योगों और रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर हुआ मंथन



**दमोह, देशबन्धु।** शहर के तहसील मैदान में स्वर्णिम भारत फॉउंडेशन के द्वारा आयोजित किया जा रहे 11 दिवसीय स्वदेशी मेला महोत्सव में प्रतिदिन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ स्वदेशी और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में मेला के सातवें दिन बुधवार को आयोजन समिति के द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यमिता समागम कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रजातंत्र गंगेले, प्रताप पटैल, नरेंद्र बजाज, व्यवस्थापक मनोहर पथरोल, श्रीमती अंशु, सुनीता गुप्ता, सुनील जी सागर विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान समागम में शामिल हुए युवा उद्यमियों ने बुंदेलखंड क्षेत्र में विभिन्न रोजगारों को लेकर अपने विचार रखें और साथ ही साथ आगामी समय में क्षेत्र में नए और बेहतर रोजगार उपलब्ध कराए जाने को लेकर अपनी योजनाओं को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार की ओर आकर्षित करने सहित दूसरों के लिए भी रोजगार उपलब्ध करने के लिए सक्षम बनाना था। अंत में सभी उद्यमियों का तिलक वंदन, अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि वर्मा, जुगल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मेला संयोजक डॉ. सोनल राय, मेला पालक दीपक तिवारी, सागर जिला सह संयोजक सुनील, सह संयोजक राम पटेल, सौरभ दुबे, अमर सिंह राजपूत, रिंकेश साहू की विशेष उपस्थिति रही। आभार प्रताप पटेल ने व्यक्त किया। इसी कड़ी में देर शाम आयोजित किया जा रहे मंचीय कार्यक्रमों में बुधवार को लोकसभा क्षेत्र दमोह के सांसद राहुल सिंह लोधी मुख्य अतिथि अध्यक्षता पूर्व विधायक सोना बाई, विशिष्ट अतिथि बलवीर सिंह सलूजा, राजेंद्र सिंह बग्गा, सोनू सोधिया, कल्पित साहू, डॉक्टर सोनल राय, प्रदीप राजपूत, समीक्षा जैन, राजीव अयाची, मनु मिश्रा, संदीप खरे के द्वारा दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक गतिविधियों की शुरुआत की। इसके पूर्व मंगलवार को स्वदेशी मेला के मंच की प्रस्तुति में युवानाथ मंच द्वारा संगीत में हनुमान लीला का मंचन किया गया था।

# आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के समग्र विकास का बड़ा कदम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**21 नवम्बर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**
**सामाजिक न्याय परिसर उज्जैन, मध्यप्रदेश**



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं

- **550** बिस्तरीय शिक्षण अस्पताल
- **24x7** आपातकालीन सेवा
- **150** एम.बी.बी.एस. सीट की प्रवेश क्षमता
- जनरल एवं सुपर स्पेशलिटी ओपीडी



### मेडिसिटी में सुविधाएं

- सुपर-स्पेशलिटी एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी
- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र
- विभिन्न उपचार हेतु वेलनेस केन्द्र
- आयुष अस्पताल
- पैरामेडिकल कॉलेज
- एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा
- ईको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा

D-11103/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #MediCityUjjain

## सार-समाचार

### टोमैटो सॉस फैक्ट्री का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुंदेलिया ने निरीक्षण करते हुए वार्ड नं 8 पथरिया स्थित आरएस फूड प्रोसेसिंग यूनिट से ग्रीन चिली सॉस, रेड चिली सॉस, सोया सॉस एवं विनेगर के नमूने जांच हेतु लिए। जिनको गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आरएस फूड प्रोसेसिंग यूनिट द्वारा आरएस फूड ब्रांड टोमैटो सॉस, सोया सॉस, रेड चिली सॉस, ग्रीन चिली सॉस एवं विनेगर का निर्माण एवं विक्रय किया जाता है। फैक्ट्री संचालक को मौके पर पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट एवं फोस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त के निर्देश दिए। परिसर में फूड हाइजीन, साफ-सफाई व्यवस्था का स्तर अच्छा पाया गया। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से रेड चिली सॉस, सोया सॉस, ग्रीन चिली सॉस की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की गई।

### कलेक्टर के नवाचार पर उत्साहित हैं समूह की महिलाएं और बच्चे

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के पोषण निवारण अभियान संकल्प के तहत रंगीन रोटी से तिरंगा थाली अब बच्चों के साथ-साथ स्व-सहायता समूह की महिलाओं को भी भाने लगी हैं । वे बड़े उत्साह से इसे अपने किचिन में बुंदेली गीत गाते हुये तैयार कर रहीं हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया स्कूली मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ आंगनबाड़ियों में भी यह सुपोषित बचपन की सुन्दर पहल गति पकड़ने लगी है। स्कूलों में जहां हर शनिवार को इसे अनिवार्य किया है वहीं आंगनबाड़ियों में इसे हर मंगलवार के मेन्यू में शामिल करते हुए रोजाना के पूरक पोषण आहार में भी अपनाये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों और खंडस्तरीय अधिकारियों को भी अपने भ्रमण में स्कूल व आंगनवाड़ी में जाकर भोजन व्यवस्था में रंगीन रोटी, तिरंगा थाली के प्रयोग को निरीक्षित कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

### खेत में मृत मिला काला हिरण, वन विभाग की टीम ले गई साथ



**बीना, देशबन्धु।** कोहा गांव में स्थित एक खेत में बुधवार को हिरण मृत हालत में मिला है। जिसकी अज्ञात कारण से मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 100 मौके पर पहुंची। किसानों को खेतों में काम करते समय विष्णु प्रसाद के खेत में एक हिरण मृत अवस्था में पड़ा था। मृत हिरण को कुत्ते ना ले जाएं इसके लिए उन्होंने डायल 100 को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 100 के आरक्षक देवेश कुशवाहा, पायलट ललित लिटोरिया मौके पर पहुंचे। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम पंचनामा कर हिरण को अपने साथ ले गई। हिरण के शव का पीएम कराया गया। पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। रेंजर चंद्रभूषण सिंह ठाकुर ने बताया कि एक हिरण मृत अवस्था में खेत में पड़ा था। सूचना के बाद टीम को मौके पर भेजा गया था। हिरण की मौत कैसे हुई इसका कारण अभी अज्ञात है। मामले की जांच की जाएगी।

### भतीजों ने चाचा पर धारदार हथियार से किया हमला

**खुरई, देशबन्धु।** देहात थाना क्षेत्र के गढ़ौला जागीर गांव में मंगलवार रात जमीनी विवाद के चलते भतीजों ने अपने चाचा से मारपीट की। धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित हरिनारायण 32 पिता मुकुंदी राय ने बताया कि वह बीती रात अपने घर के सामने खड़ा हुआ था। तभी भतीजे शिवराज राय, वकील राय और रिंकू राय तीनों आए और जमीनी विवाद के चलते गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो तीनों ने मारपीट शुरू कर दी। वकील राय ने धारदार हथियार बल्लम से सिर पर हमला कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने बीच बचाव किया। इसके बाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खुरई देहात थाना प्रभारी धनेंद्र यादव ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर शिवराज राय, वकील राय और रिंकू राय के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर जयंती उत्सव का शुभारंभ

# डॉ. गौर की विरासत को सहेजते हुए उनके सपनों को साकार करेंगे: कुलपति




**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय ने संस्थापक डॉ. सर हरिसिंह गौर के 155 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गौर उत्सव 2024 की शुरुआत की। इस महोत्सव का आयोजन 20 से 26 नवंबर तक किया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित टी.20 मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट से हुई। विवि के अब्दुल गनी खान स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विवि के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा गौर जयंती के अवसर पर आयोजित यह ऐतिहासिक उत्सव विवि के लिये गर्व का क्षण है। डॉ. गौर के योगदान को स्मरण करते हुये हम उनके सपनों को साकार करने के लिये निरंतर प्रयासरत हैं।

**मैच परिणाम और खेल की झलकियां**

**पहला मैच** विश्वविद्यालय एकादश ए बनाम संबद्ध महाविद्यालय हुआ जिसमें विश्वविद्यालय एकादश ए ने 5 रन से जीत दर्ज की। विश्वविद्यालय एकादश एके नवनीत कुमार सिंह ने 73 रन की पारी खेली। अंकित जैन ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। गेंदबाजी में नितेश, हेमंत और विनय शुक्ला ने 2-2 विकेट लिए।

**दूसरा मैच** पत्रकार एकादश बनाम विश्वविद्यालय एकादश बी हुआ जिसमें पत्रकार एकादश ने 7 विकेट से जीत हासिल की। पत्रकार एकादश से शशांक ने 45 रन बनाये, दानिश ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट झटके। विश्वविद्यालय एकादश बी अंजन्य शुक्ला ने 62 रन बनाये।

इस आयोजन में विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी, पत्रकार और शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में महेंद्र बाथम और डॉ. सुमन पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौर उत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि डॉ. हरिसिंह गौर की शिक्षाओं और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रयास है।

## अवैध शराब का विरोध करने पर महिला को पीटा



**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पथरिया जेगन में गांव में अवैध शराब बेचने का विरोध करने पर ठेकेदार के कर्मचारियों ने एक महिला और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर बुधवार को कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पथरिया जेगन गांव निवासी कलाबाई पति नंदराम आदिवासी 40 ने बताया कि मेरे घर के बाहर ही शराब रखने के लिये शराब ठेकेदार के लोग राज किरण पारदी के घर आये हुये थे। वहीं मेरा छोटा बच्चा खेल रहा था तभी शराब रखने आये लोगों की कार मेरे बच्चे को टच हो गई। जिससे बच्चा घबरा गया। जब मैंने राज किरण पारदी से इसकी शिकायत की तो उसने 18 नवंबर की रात को खिमलासा की शराब दुकान से कुछ लोगों को बुला लिया। जिसमें दिनेश लिटेरिया और धर्मेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे। जब में अपने परिवार के साथ भोजन कर रही थी। तभी यह लोग जबरन घर में घुस आये और घर के लोगों पर हमला कर दिया। मेरे भाई के साथ मारपीट की। घटना के बाद सभी लोग मौके से भाग गये। बीती रात भी शराब दुकान के कर्मचारी डराने और धमकाने के लिये गाड़ी से चक्कर लगाते रहे। महिला कलाबाई आदिवासी ने बताया कि राज किरण अवैध शराब बेचने के साथ ही जंगली शिकार का काम भी करता है। शिकार के सभी हथियार इनके घर में रखे हुये हैं। जिसकी वजह से घर का माहौल पूरी तरीके से खराब हो रहा है। पुलिस को भी इसकी जानकारी है लेकिन वह भी कोई कार्रवाई नहीं करती है। किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि शराब दुकान वाले गांव में अवैध रूप से शराब रखने के लिये आते हैं। गांव में अवैध शराब रखने आने वाले लोगों के कारण आदिवासी समाज के लोग काफी दहशत में हैं। यह लोग आदिवासियों के साथ मारपीट भी करते हैं। महिला ने बताया है कि खिमलासा पुलिस के जवान इनसे मिलकर जंगली शिकार करते हैं और पुलिस वालों को भी खिलाते हैं। पुलिस वाले ही अपराध कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना चाहिये। खिमलासा थाना प्रभारी नितिन पाल ने बताया कि पुलिस थाने में सीसीटीव्ही कैमरे लगे हुए हैं। कोई भी शिकायत करने थाने आता है तो कैमरे की नजर से नहीं छुप सकता है। महिला के घर यदि कोई घटना हुई है तो वह थाने क्यों नहीं आई है। इस तरह की महिला ने कोई शिकायत नहीं की है। महिला ने जो पुलिसकर्मियों पर जंगली शिकार में आरोपी का साथ देने का आरोप लगाया है वह भी झूठा है। महिला के द्वारा लगाये गये सभी आरोप निराधार हैं।

### सफाई व्यवस्था से नहीं होगा समझौता, रात्रि में कचरा जलाने व फैलाने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की दृष्टिगत रखते हुये शहर को स्वच्छ बनाने के लिये लगातार कार्य किये जा रहे हैं। निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा लगातार सुबह से शहर की सफाई व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर को स्वच्छ रखने के लिये लगातार स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा दलगठित कर गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है इसके बावजूद रात्रि में विभिन्न स्थानों पर कचरा जलाकर आसपास के क्षेत्र को गंदा किया जा रहा है वायु की गुणवत्ता प्रभावित होती है, ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर चालानी कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में निगमायुक्त ने संबंधित जोन प्रभारी व सफाई दरोगाओं को निर्देश दिये हैं कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा इसलिये वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी करें और सड़क पर कचरा जलाने एवं फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई प्रारंभ करें।

### रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 148 लोगों से 65 हजार 985 रुपए का राजस्व मिला। 19 टिकट चेकिंग स्टाफ ने स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सके। इस दौरान 29 ट्रेनों के यात्रियों की टिकट जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 67 यात्रियों से 30 हजार 940 रुपए, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 77 यात्रियों से 34 हजार 445 रुपए, स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले 4 यात्रियों से 600 रुपए जुर्माना वसूला गया। इस तरह कुल 148 यात्रियों से कुल 65 हजार 985 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से कहा कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। वेटिंग और ई-टिकट पर यात्रा करने, प्लेटफॉर्म टिकट से यात्रा की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिये यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक करायें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता हुई आयोजित



**खुरई, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में जिला स्तर अंतर महाविद्यालय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया। क्रीड़ा अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह के निर्देशन में प्राचार्य वंदना गोस्वामी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुये कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिये महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शास. महाविद्यालय देवरी और शास. महाविद्यालय खुरई के बीच खेला गया। शास. महाविद्यालय खुरई को विजेता और शास. महाविद्यालय देवरी को उपविजेता चुना गया। प्रतियोगिता के अंत में हिंदी विभाग की अध्यक्ष राजकिशोरी मिंज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापक वंदना पांडे, सना खान, अंकिता चौरसिया, बुशरा खान, शायमा खान, शुधीस कुमार, प्रदीप कुमार सोनी सहित महाविद्यालय के स्टाफ सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### दो सूने मकानों में चोरी, घर का ताला तोड़ घुसे चोर

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया थाना क्षेत्र के शिवनगर और रजाखेड़ी में स्थित दो सूने मकानों में चोरों ने सेंध लगाई। चोर मंगलवार की देर रात ताला तोड़कर घरों में घुसे और नकद, सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग गये। वारदात सामने आते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं एफएसएल टीम ने वारदात स्थल से साक्ष्य जुटाये हैं। पुलिस के अनुसार फरियादी राहुल मिश्रा निवासी शिवनगर एसएएफ रोड मकरोनिया ने शिकायत करते हुये बताया कि 15 दिन पहले मेरी मां का निधन हो गया था। जिससे मैं पैतृक गांव देवरी गया था। शिवनगर स्थित मकान में मेरा साला कार्तिक चौबे रह रहा था। वह मकरोनिया क्षेत्र के एक होटल में नाइट ड्यूटी करता है। घटना की रात वह ड्यूटी पर गया था तभी चोर घर में घुस गये। कार्तिक सुबह घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर के भी ताले और अलमारी का लॉक टूटा मिला। जिसमें रखे दो सोने के करीब दो ढाई तोला के मंगलसूत्र, बच्चों की सोने का हॉय, एक जोड़ी झुमकी करीब 8 ग्राम वजनी, पायल समेत नकद रुपये गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

वही दूसरी वारदात में फरियादिया शोभारानी कुर्मी निवासी हिनौद हाल ने शिकायत में बताया कि मैं अपने गांव हिन्नौद से अपनी बेटी अंगूरी के घर रजाखेड़ी आई थी। शाम करीब 7 बजे मैं बड़ी बेटी गोमती के घर जाकर सो गई। सुबह वापस अंगूरी के घर आकर देखा तो गेट का ताला टूटा था। घर में रखी दो जोड़ी झुमकी, पायल समेत नकद करीब 25 हजार रुपये गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

### भारत स्काउट एंड गाइड संभाग स्तरीय रैली का शुभारंभ



**सागर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एंड गाइड की संभाग स्तरीय रैली का शुभारंभ जिला प्रशिक्षण केंद्र भापेल सागर में 18 नवंबर को हुआ। यह रैली 22 नवंबर तक चलेगी। उद्घाटन समारोह में सरपंच राघवेंद्र सिंह ठाकुर, स्कूल प्राचार्य डीके सोनी, राज्य आयुक्त नरेश यादव, ग्राम पंचायत के सदस्य एवं रैली के संचालक मंडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप कुमार प्री.एएलटी स्काउट ने किया, जबकि रैली का संचालन कंचन सिंह एएसओसी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन चंद्रभान सिंह लोधी डीओसी ने किया। इस रैली में सागर संभाग के सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों से 300 स्काउट गाइड, उनके शिक्षक और दल प्रभारी उपस्थित हुये। रैली में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिनमें प्रमुख हैं जिला गेट प्रतियोगिता, मार्च पास्ट और कलर पार्टी, शारीरिक प्रदर्शन, लोक नृत्य प्रतियोगिता, बीपी सिक्स व्यायाम, नगर भ्रमण और झांकी प्रदर्शन, साहसिक गतिविधियां, फूड प्लाजा प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण कार्यशाला, सर्वधर्म प्रार्थना, मैसेंजर ऑफपीस और स्टॉप डी वायलेंस अभियान साहसिक गतिविधियों के लिये एडवेंचर बेस का निर्माण उत्कर्ष पब्लिक स्कूल सागर के रोवर-रेंजर और डॉ. हरीसिंह गौर ओपन रोवर क्रू के सहयोग से प्रभारी भगवान सिंह की उपस्थिति में किया गया। रैली में संचालक मंडल के सदस्य गौरीशंकर शर्मा डीटीसी सागर, आलोक गुप्ता, लीलाधर अहिरवार जिला सचिव, ज्योति यादव रेंजर लीडर, मंजूलता, इंद्रा दास, डॉ. रश्मि दुबे और अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

### सागर जिला सीएम हेल्पलाइन निराकरण में लगातार दूसरी बार ए ग्रेड में

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में जिले ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लगातार दूसरी बार ए.ग्रेड प्राप्त किया है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को बधाई देते हुये कहा है कि सभी विभाग प्रमुख लगातार इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य करें और जिलेवासियों की सभी समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण करें। कलेक्टर ने जिला पंचायत, पुलिस विभाग एवं नगर निगम को भी सीएम हेल्पलाइन निराकरण में ए ग्रेड प्राप्त होने पर सभी को बधाई दी है और कहा है कि सभी लगातार इसी प्रकार कार्य करते हुए प्रगति लायें। ग्रेडिंग की जानकारी के अनुसार सागर जिले का कुल वेटेज स्कोर 81.41 प्रतिशत है। जिससे ए ग्रेड प्राप्त हुआ है।

### दो शिक्षक एक जनशिक्षक पर पुलिस एफआरआई दर्ज

**मालथौन, देशबन्धु।** भाड़े के शिक्षक लगाकर मोटी पगार निगलने वाले दो शिक्षकों व एक जनशिक्षक पर विभाग ने पुलिस एफआईआर दर्ज कराई गई। मालथौन विकासखण्ड की शासकीय प्राथमिक शाला मझेरा और भेलईया शाला के पदस्थ शिक्षक अपनी जगह भाड़े शिक्षक लगाकर बच्चो की पढ़ाई करवा रहे थे। मामला का पटाक्षेप होने के बाद शासन प्रशासन का रवैया सख्त सामने आया है। निलंबन की कार्रवाई की गई साथ पर उन पर पुलिस एफआईआर के निर्देश दिये गये थे। मिली जानकारी के अनुसार मामले का खुलासा होने के बाद विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जेपी अहिरवार द्वारा उक्त शालाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें पुष्टि हुई। संयुक्त संचालक द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि ऐसे शिक्षको के खिलाफ धोखाधड़ी के धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराएं। जिस पर पुलिस थाना पहुंचकर बीईओ की रिपोर्ट पर ऐसे शिक्षको के विरुद्ध धोखाधड़ी का पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जेपी अहिरवार द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मझेरा व भेलैईया का निरीक्षण किया गया ग्रामवासियों द्वारा पुष्टि हुई कि मझेरा शाला में इन्द्रविक्रम सिंह परमार की जगह ममता अहिरवार द्वारा शैक्षणिक कार्य करवा जा रहा है और भेलैईया शाला में पदस्थ रूपसिंह चढ़ार की जगह विक्रम सिंह लोधी से कार्य करवा जा रहा है। दोनों शिक्षको पर आपराधिक, स्वच्छचारिता गंभीर कदाचरण होने से निलंबित किया गया। इनके विरुद्ध पुलिस ने 318(4) भारतीय दंड संहिता के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसी दूसरी एफआरआई जनशिक्षक जगभान अहिरवार के विरुद्ध दर्ज कराई गई। शाला की 15 दिन की मानिरिटिंग की जिम्मेदारी थी इनके द्वारा अपने दायित्व के निर्वाहन में घोर लापरवाही बरतने का दोषी माना गया जो आपराधिक कदाचरण है। भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4) के अपराध दर्ज किया गया।

### शांतिनाथ मंदिर में पाठशाला का वार्षिक महोत्सव संपन्न



**बीना, देशबन्धु।** मुनिश्री विमल सागर, मुनिश्री अनंत सागर, मुनेश्वरी धर्म सागर एवं मुनिश्री भवसागर के सानिध्य में प्रात: काल की बेला में आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें आचार्यश्री विद्यासागर की महापूजा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई और शास्त्र अर्पण किये एवं मुनिश्री का पद प्रक्षालन किया गया एवं पाठशाला में कलश स्थापना करने का सौभाग्य अरविंद जैन, सचिन जैन, राकेश जैन, अजय जैन, चंदाबाई सिंघई, प्रमोद जैन एवं परिमल जैन को प्राप्त हुआ आयोजन में सभी मंदिरों की समिति और अनेक नगरों के लोग शामिल हुये। इस अवसर पर मुनि विमल सागर ने सभा को संबोधित करते हुये कहा की पाठशाला में योगदान देने वाला श्रुत केवली बनता है समाज के बच्चों को समय पर संस्कार देना महत्वपूर्ण है और संस्कार बालक को पाठशाला के द्वारा ही दिये जाते हैं, प्रत्येक नगर में हर कॉलोनी में एक पाठशाला अवश्य होनी चाहिये। किसी भी मंदिर के दरवाजे के सामने लोगों को जूते-चप्पल नहीं उतारना चाहिए।

### भटियारा नेमा समाज वृद्ध समाज जन एवं प्रतिभामान विद्यार्थियों का करेगा सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** भटियारा नेमा समाज वृद्ध समाज जन एवं प्रतिभामान विद्यार्थियों का सम्मान करेगा। उक्त निर्णय भटियारा नेमा समाज संगठन द्वारा चंद्रभूषण नेमा के निवास पर समाज की बैठक में लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मान समारोह में स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा में प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। जिसमें वृद्ध जनों को भी सम्मानित किया जायेगा। मप्र स्तर पर सागर में एक मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें नव युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित होगा। वही अखिल भारतीय नेमा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील नेमा का सागर नगर आगमन पर सागर नेमा समाज के सदस्यों से मुलाकात की एवं अखिल भारतीय नेमा समाज के अध्यक्ष के विचारों से एवं भाटियारा संगठन के द्वारा किये गये कार्यों अधिवेशन मप्र शासन द्वारा नेमा समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल किये जाने वाले परिपत्र से अवगत कराया गया। अखिल भारतीय नेमा राष्ट्रीय मंच से दशा वणिक शब्द को पृथक कर नेमा सरनेम लेख करने का प्रस्ताव दिया एवं उक्त बैठक में भटियारा नेमा समाज के द्वारा 5 जनवरी 2025 में रिमझिरिया मंदिर सागर में जिलास्तरीय नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित होने का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अधिवक्ता महेश नेमा, जिलाध्यक्ष डॉ. डीपी नेमा, मुकेश नेमा, पुरुषोत्तम नेमा, आनंद गुप्ता, मनोज नेमा, विकास नेमा आदि उपस्थित थे। आभार डॉ. डीपी नेमा द्वारा व्यक्त किया गया।

## छात्र-छात्राओं के विकास में सहयोग करें महाविद्यालय परिवार: विधायक



**देवरी, देशबन्धु।** बुधवार को शासकीय नेहरू महाविद्यालय देवरी में क्षेत्रीय विधायक पं. बृजबिहारी पटैरिया का आगमन हुआ। महाविद्यालय परिवार ने विधायक का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने उन्हें पुष्पमालाओं से सम्मानित किया। इसके बाद शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ ने विधायक का अभिनंदन किया। एनसीसी के छात्रों ने मार्च पास्ट के माध्यम से उन्हें सलामी दी। इस अवसर पर विधायक ने महाविद्यालय परिवार से संवाद करते हुये छात्र-छात्राओं के विकास और उचित मार्गदर्शन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के प्राध्यापक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें, ताकि महाविद्यालय और क्षेत्र दोनों का नाम रोशन हो सके। प्राचार्य डॉ. दुबे ने इस मौके पर महाविद्यालय की आवश्यकताओं से संबंधित मांग पत्र विधायक को सौंपा। मांग पत्र में स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास, राजनीति विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विषयों की शुरुआत और एक नये भवन के निर्माण की मांग की गई। विधायक पटैरिया ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम में अनिल जैन, सुधीर बजाज, रतनदीप तिवारी, भारतेन्दु राजपूत उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार के प्रो. संतोष मिश्रा, डॉ. जीआर चौहान, डॉ. कलम सिंह डुडवे, मनीषा शर्मा, डॉ. किरण ठाकुर, डॉ. आशीष जैन, डॉ. मनीषा पांडे सहित प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। इसके अलावा, विधायक ने क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और युवाओं के प्रोत्साहन के लिये मां नर्मदा कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार और सांस्कृतिक प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार ने विधायक की विकासोन्मुख सोच और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।